


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

पेज 7



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 113 | ग्वालियर शनिवार, 04 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

**सीएम ने कहा, असम पुलिस ने अब तक राज्य भर में 4004 मामले दर्ज किए हैं. आने वाले दिनों में और अधिक मामले सामने जा सकते हैं. इन मामलों पर कार्रवाई 3 फरवरी से शुरू होगी.**



असम सरकार द्वारा बाल विवाहके खिलाफ उठाए गए सख्त कदम के बाद राज्य में राजनीति गरमा गई है. असम सरकार का साफ मानना है कि बाल विवाह कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री हिमांता बिस्वा सरमा के निर्देश पर करीब 4 हजार से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है. वहीं शुक्रवार शाम तक 2 हजार से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है.इसके बाद कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई करे वो ठीक है, लेकिन इस कानून की आड़ में 7 साल पहले शादीशुदा जोड़े...जो अब एडल्ट हो गए हैं.... उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है. यह गलत है. मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ट्वीट करके कहा कि बाल विवाह कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है. उन्होंने ट्वीट में कहा है, ÷बाल विवाह अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ राज्यव्यापी गिरफ्तारी का अभियान चल रहा है. अब तक 1800 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. मैंने असम पुलिस को महिलाओं के खिलाफ हो रहे अक्षम्य और जघन्य अपराधों के लिए जीरो टॉलरेंस के साथ कार्रवाई करने के लिए कहा है.÷इससे पहले सीएम ने कहा था कि राज्य सरकार बाल विवाह को लेकर क? कदम उठाएगी. हिमंता बिस्वा सरमा ने ट्वीट करके कहा था, ÷असम सरकार राज्य में बाल विवाह के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़संकल्पित है. असम पुलिस ने अब तक राज्य भर में 4004 मामले दर्ज किए हैं. आने वाले दिनों में और अधिक मामले सामने जा सकते हैं. इन मामलों पर कार्रवाई 3 फरवरी से शुरू होगी. मैं सभी से सहयोग करने का अनुरोध करता हूं.÷दरअसल, हाल ही में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे ने एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसके अनुसार, असम में मातृ और शिशु मृत्यु दर बहुत अधिक है. इसके लिए बाल विवाह को जिम्मेदार ठहराया जाता है. इसके बाद से ही असम सरकार ने बाल विवाह करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है. इस आदेश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 4004 मामले दर्ज किए. इसमें से धुबरी जिले में 370, होजई में 255 व उदालगुड़ी 235 तथा मोरीगांव में 224 मामले दर्ज किए गए हैं.मुख्यमंत्री हिमांता ने कहा था कि शुक्रवार (3 फरवरी, 2023) से हमारी गिरफ्तारी और कार्रवाई शुरू होगी. इसके बाद आज सुबह से ही कार्रवाई शुरू हो गई है. अब तक 2 हजार से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. यह एक बड़ी कार्रवाई साबित होने जा रही है, जिसमें पिछले सात सालों में बाल विवाह में शामिल सभी लोगों पर मामला दर्ज किया गया. सीएम ने एक बयान में कहा था कि हमारा मुख्य टारगेट मुल्ला, काजी या पुजारी होंगे जो इन विवाहों को ब?ावा देते हैं.सीएम सरमा ने 23 जनवरी को ऐलान करते हुए कहा था कि असम सरकार बाल विवाह के खिलाफ एक राज्यव्यापी अभियान शुरू करेगी. इसमें 14 साल से कम उम्र की लड़कियों से शादी करने वाले पुरुषों पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा. वहीं, 14-18 साल की लड़कियों से शादी करने वालों के खिलाफ बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज होगा.

## वरुण गांधी कांग्रेस के लिए नफा ही नहीं, मुश्किल का भी सौदा है



वरुण गांधी की छवि राष्ट्रीय नेता की है. ऐसे में अगर वे कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो सबसे पहले प्रदेश स्तर के नेता खासकर तराई इलाकों के प्रभारियों की लोकसभा चुनाव 2024 में अब 400 से भी कम दिनों का वक्त बचा है. ऐसे में बीजेपी में लगभग बगावत का रुख अपना चुके वरुण गांधी का अगला सियासी कदम क्या होगा? इस पर दिल्ली से लेकर पीलीभीत तक के सियासी गलियारों में चर्चा तेज है. वरुण के कांग्रेस में शामिल होने के सवाल पर पिछले दिनों राहुल गांधी ने कहा था कि फैसला मल्लिकार्जुन खरगे को करना है. इस दौरान राहुल का एक बयान भी खासे चर्चा में रहा. राहुल ने कहा कि वरुण मेरा भाई है और उसकी विचारधारा से मुझे दिक्कत है. दरअसल, कांग्रेस वरुण की एंट्री को लेकर शुरुआत से ही खुद को ज्यादा उत्साहित नहीं दिखाना चाहती है. इसकी बड़ी वजह वरुण की हिंदुत्व वाली फायर ब्रांड छवि है.2009 में मुसलमानों पर विवादित टिप्पणी की वजह से वरुण गांधी को जेल जाना पड़ा था. तत्कालीन मायावती की सरकार ने उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया था. इसके बाद सियासत में वरुण अपनी छवि हिंदुत्व की फायर ब्रांड नेता की बनाने में कामयाब रहे.

वरुण कांग्रेस के लिए क्यों जरूरी, 2 वजह

1. तराई बेल्ट में कद्दावर नेता की कमी- यूपी के तराई बेल्ट में कांग्रेस के पास पहले जितिन प्रसाद और आरपीएन सिंह जैसे कद्दावर नेता हुआ करते थे, लेकिन 2022 के चुनाव से पहले दोनों बीजेपी में शामिल हो गए. यूपी के तराई क्षेत्र में लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कुशीनगर आदि जिले आते हैं.

वरुण गांधी पीलीभीत और सुल्तानपुर से सांसद रह चुके हैं. ऐसे में वरुण अगर कांग्रेस में आते हैं, तो इसका फायदा पार्टी को तराई इलाकों में मिल सकता है. वरुण की मां मेनका गांधी पंजाबी हैं, जिसकी आबादी तराई इलाकों में काफी ज्यादा है.

2. युवा और किसानों के बीच काफी लोकप्रिय- सोशल मीडिया पर अपने ही सरकार के खिलाफ मुद्दे उठाने की वजह से वरुण गांधी किसानों और युवाओं के बीच काफी पॉपुलर हैं.

वरुण गांधी तेजतर्रार भाषण देने की वजह से भी चर्चा में रहते हैं. ऐसे में वरुण अगर कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो पार्टी वरुण का उपयोग स्टार प्रचारक के रूप मे भी कर सकती है.

5 प्वाइंट्स में पढ़िए वरुण गांधी का राजनीतिक सफरनामा...

लंदन से पढ़ाई करने वाले वरुण को पहली बार 1999 में मां मेनका गांधी के लिए चुनाव प्रचार करते देखा गया था. 2004 के चुनाव से कुछ महीने पहले वरुण गांधी को तत्कालीन अध्यक्ष वेंकैया नायडू ने बीजेपी में शामिल कराया था. मां मेनका के साथ वरुण सिर्फ 24 साल के उम्र में बीजेपी में शामिल हो गए थे. बीजेपी में शामिल होने के बाद 2006 में वरुण गांधी को पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाया.

# बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर रोक को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जारी किया नोटिस

2002 गुजरात दंगों पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर रोक के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है. कोर्ट ने सरकार से डॉक्यूमेंट्री के बारे में किए गए ट्वीट हटाने को लेकर जारी आदेश की फाइल भी मांगी है. अप्रैल के महीने में मामले पर अगली सुनवाई होगी.जस्टिस संजीव खन्ना और एम एम सुंदरेश की बेंच के सामने 2 याचिकाएं सुनवाई के लिए लगी थीं. पहली याचिका वरिष्ठ पत्रकार एन राम, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और वकील प्रशांत भूषण की थी. इसमें डॉक्यूमेंट्री इंडिया  दी मोदी क्वेश्चन पर लगी रोक का विरोध किया गया है. साथ ही याचिकाकर्ताओं की तरफ से इसके बारे में किए गए ट्वीट को ट्विटर से हटाए जाने का मसला भी उठाया गया है. दूसरी याचिका वकील एम एल शर्मा की थी.पहली याचिका की पैरवी के लिए वरिष्ठ वकील सी यू सिंह कोर्ट में पेश हुए. उन्होंने कहा कि सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल कर ट्विटर से याचिकाकर्ताओं के ट्वीट हटवा दिए. इस पर जस्टिस खन्ना ने पूछा कि उन्होंने इस बारे में हाई कोर्ट में याचिका क्यों नहीं दाखिल की? सिंह ने जवाब दिया आईटी रूल्स के जिन नियमों के तहत सरकार ने यह कार्रवाई की है, उसका मामला सुप्रीम कोर्ट में ही लंबित है.सिंह की दलील को सुनने के बाद बेंच ने कहा कि वह केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर रहा है. अप्रैल में मामले की अगली सुनवाई होगी. वरिष्ठ वकील ने कोर्ट से जल्द सुनवाई का आग्रह करते हुए कहा कि देशभर में लोगों को डॉक्यूमेंट्री देखने से रोका जा रहा है. इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा की लोग अभी भी इस डॉक्यूमेंट्री देख ही रहे हैं.जजों ने सुनवाई की अगली तारीख जल्द रखने से मना करते हुए कहा, ÷हम सबसे नजदीक की ही तारीख दे रहे हैं. केंद्र सरकार के जवाब को देखे बिना हम मामले में कोई आदेश नहीं जारी करना चाहते. केंद्र को जवाब के लिए 3 हफ्ते का समय दिया जा रहा है. इसके बाद अगले 2 हफ्ते में याचिकाकर्ता केंद्र के जवाब पर अपना उत्तर दे सकते हैं.इसके बाद वकील मनोहर लाल शर्मा ने अपनी याचिका को पहले मामले से अलग बताते हुए कहा कि वह सामान्य लोगों के लिए याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट में आए हैं, जबकि पहली याचिका में याचिकाकर्ता अपनी निजी शिकायत को कोर्ट के सामने रख रहे हैं. लेकिन जजों ने इस याचिका को अलग से सुनने से मना करते हुए कहा, ÷आपकी याचिका को भी अप्रैल में ही सुना जाएगा. इस पर भी केंद्र को नोटिस जारी किया जा रहा है.÷



## ईडी का सारदा मनी लॉन्ड्रिंग केस में एक्शन, पी चिदंबरम की पत्नी नलिनी चिदंबरम समेत कई लोगों की संपत्ति जब्त



प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार (3 फरवरी) को सारदा धनशोधन मामले में नलिनी चिदंबरम, पूर्व माकपा विधायक देवेंद्रनाथ विश्वास और अन्य की संपत्ति जब्त की है. नलिनी चिदंबरम  कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरमकी पत्नी हैं. ईडी ने कहा कि उन्होंने सारदा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की पत्नी नलिनी चिदंबरम, सीपीएम के पूर्व विधायक देवेंद्रनाथ विश्वास और असम के पूर्व मंत्री दिवंगत अंजन दत्ता की कंपनी जैसे ÷लाभार्थियों÷ की 6 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है. एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 3.30 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 3 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क करने का अस्थायी आदेश जारी किया गया है. इन संपत्तियों पर सारदा समूह और अन्य लोगों का स्वामित्व था, जो समूह की ओर से कमाई गई ÷अपराध की आय÷ के लाभार्थी थे.ईडी ने कहा कि ÷लाभार्थियों÷ में नलिनी चिदंबरम, देवव्रत सरकार (ईस्ट बंगाल क्लब के अधिकारी), देवेंद्रनाथ विश्वास (पूर्व आईपीएस अधिकारी और पूर्व सीपीएम विधायक) और अनुभूति प्रिंटर और पब्लिकेशन शामिल है, जो असम के पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता अंजन दत्ता के स्वामित्व में है. मनी लॉन्ड्रिंग का ये मामला 2013 में पश्चिम बंगाल, असम और ओडिशा में सारदा समूह की ओर से कथित चिट फंड घोटाले से संबंधित है. ईडी  ने कहा कि इस समूह की कंपनी की ओर से जुटाए गए कुल धन की मात्रा लगभग 2,459 करोड़ रुपये है, जिसमें से लगभग 1,983 करोड़ रुपये अब तक जमाकर्ताओं को ब्याज राशि को छोड़कर बकाया है. प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में अब तक करीब 600 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर चुका है.

### पाकिस्तान में अहमदिया मुसलमानों पर जुल्म! कट्टरपंथियों ने मस्जिद के ऊपर चढ़कर तोड़ी मीनार, 3 महीने में 5वां हमला

पाकिस्तान में अहमदिया मुसलमानों के खिलाफ घृणा की एक और घटना सामने आई. यहां कराची के हाशू सदर मार्केट में चरमपंथियों ने शुक्रवार को अहमदी मस्जिद में घुसकर उसे नुकसान पहुंचाया. उन्होंने मस्जिद की मीनार तोड़ दी.इस घटना का वीडियो सामने आया है. घटना पर अहमदिया समूह की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं. अहमदिया समूह के साथ महीनेभर में यह ऐसी दूसरी घटना हुई है, इससे पहले कराची में जमशेद रोड स्थित अहमदी जमात खाते की मीनारें तोड़ दी गई थीं. न्?यूज एजेंसी हृ्छ की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को हेलमेट पहने अज्ञात हमलावरों ने कराची के सदर में अहमदी मस्जिद को निशाना बनाया. उन्हें एक वीडियो में इस मस्जिद की मीनारों को तोड़ते और उसके बाद भागते देखा जा सकता है.

### केरल के शख्स को महाराष्ट्र के मामले में इतनी रुचि क्यों? हेट स्पीच केस में सरकार का सवाल सुप्रीम कोर्ट ने दिया ये आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि मुंबई में होने जा रही हिंदू जन आक्रोश रैली में भड़काऊ भाषण न दिए जाएं. कोर्ट ने केरल के रहने वाले याचिकाकर्ता शाहीन अब्दुल्ला की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया. कोर्ट ने यह भी कहा कि पुलिस कार्यक्रम की वीडियोग्राफी करवाए. सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सरकार ने याचिकाकर्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि केरल के व्यक्ति को महाराष्ट्र के मामले में इतनी रुचि क्यों है. राज्य सरकार के लिए पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ÷एक ही समुदाय के कार्यक्रमों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक पैटर्न के तहत याचिकाएं दाखिल हो रही है. कोर्ट के मंच का इस्तेमाल हो रहा है.÷ याचिकाकर्ता के लिए पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया. साल 2018 में तहसीन पूनावाला बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भीड़ की हिंसा रोकने को लेकर निर्देश दिए थे. उस फैसले में प्रशासन की ड्म्मिेदारी तय की गई थी कि वह भड़काऊ कार्यक्रमों पर रोक लगाए. हाल ही में इस फैसले का हवाला देते हुए कई याचिकाएं दाखिल हुई है. इनमें अलग-अलग राज्यों में हिंदू धर्म संसद समेत दूसरे कार्यक्रमों पर रोक की मांग की गई है. शाहीन अब्दुल्ला की याचिका में भी मुंबई में पिछले दिनों हुई हिंदू जन आक्रोश रैली का हवाला दिया गया है. कहा गया है कि इसमें मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार के भाषण दिए गए. याचिकाकर्ता ने 5 फरवरी को फिर से ऐसे कार्यक्रम के होने का दावा करते हुए इसे रोकने की मांग की थी. इस पर महाराष्ट्र सरकार ने कहा कि अभी तक इस तरह के कार्यक्रम की कोई अनुमति मांगी ही नहीं गई. जब अनुमति मांगी जाएगी, तब सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्यक्रम में कोई भड़काऊ भाषण न हो. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह भी कहा कि वह 29 जनवरी को हुई रैली पर कोर्ट में जवाब दाखिल करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि सकल हिंदू समाज नाम की संस्था को सिर्फ इसलिए भविष्य में सभा के आयोजन से नहीं रोका जा सकता

## अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में फिर लगे अल्लाह हू अकबर और नारा ए तकबीर के नारे



अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आज जुमे की नमाज के बाद छात्रों ने हंगामा कर दिया और अल्लाह हू अकबरनारे तकबीर जैसे नारे लगाए. इन छात्रों ने गणतंत्र दिवस पर एनसीसी कैडेट में धार्मिक नारे लगाने के बाद निलंबित किए गए छात्र वाहिदुज्जमा को फिर से बहाल करने की मांग की. छात्रों ने इस मामले पर एक ज्ञापन भी दिया. जिसमें बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री  को सही बताया. नारेबाजी के बाद छात्रों ने मीडिया को कोई बयान भी नहीं दिया. हालांकि इनके द्वारा दिए गए ज्ञापन से‹रू के प्रॉक्टर के उस बयान की पोल खुल गई जिसमें उन्होंने कहा था कि एएमयू के अंदर जो बीबीसी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग से संबंधित पोस्टर लगाए थे वो किसी बाहरी व्यक्ति ने लगाए थे. उसमें‹रू छात्रों का हाथ नहीं है. आज छात्रों के ज्ञापन से यह साफ हो गया कि छात्र बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को सही ठहरा रहे हैं. दरअसल, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में धार्मिक नारे लगाने के मामले में मुस्लिम छात्र को यूनिवर्सिटी प्रशासन ने निलंबित कर दिया था. इस छात्र का एनसीसी कैडेट की ड्रेस में %अल्लाह हू अकबर% और %नारे तकबीर% के नारे लगाते हुए वीडियो वायरल हुआ था. जिसेक बाद पुलिस ने उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की थी. जिसके बाद आज यूनिवर्सिटी के छात्र उसके समर्थन में उतर आए. इन छात्रों ने जामा मस्जिद से बाबे सैयद गेट तक प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला. इनका कहना है कि धार्मिक नारेबाजी दोनों तरफ से हुई थी, जिसमें एक पक्ष पर ही कार्रवाई की गई है. छात्रों ने मांग की इस मामले में या तो निलंबित छात्र का निलंबन वापस लिया जाए नहीं तो ये छात्र कुछ और कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे

### जम्मू-कश्मीर के गुरेज में बर्फीले तूफान ने मचाई तबाही, किशनगंगा नदी का बहाव रुका- पूरे इलाके में पीने के पानी की किल्लत

जम्मू कश्मीर में बर्फीले तूफानों का दौर जारी है. इससे वहां सामान्य जन-जीवन अस्त व्यस्त है. इस सूबे के गुरेज के तुलेल क्षेत्र के दो गांव हिमस्खलन  की चपेट में आ गए हैं. किशनगंगा नदी में बर्फानी चट्टानों के गिरने से उसका मार्ग अवरुद्ध हो गया है. इस वजह से शुक्रवार (3 फरवरी) को यहां जल आपूर्ति में बाधा आ गई. इससे इलाके में पीने के पानी की किल्लत होने लगी है.जम्मू कश्मीर का गुरेज का तुलेल क्षेत्र इन दिनों बर्फीले तूफानों का कहर झेल रहा है. यहां के दो गांव हिमस्खलन की चपेट में आ गए. इस हिमस्खल ने से किशनगंगा नदी का मार्ग बाधित हो गया. इससे नदी से होने वाली पानी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हो गई है. यहां के विजिरथल और नीरू  गांवों में हिमस्खलन ने पानी के प्रवाह को अवरुद्ध कर दिया है.अधिकारियों के मुताबिक, गुगरान तुलेल में हिमस्खलन से कई बस्तियों में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई.

## छठे मंजिल पर लगी बालकनी की जाली से निकलकर सीधे जमीन पर आ गिरा युवक, हादसे का वीडियो वायरल


राजस्थान के कोटा से एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें एक युवक को इमारत से गिरते देखा जा रहा है. मिल रही जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात युवक अपने तीन दोस्तों के साथ अपने कमरे के बालकनी में बैठकर मोबाइल पर गेम खेल रहा था. इसके बाद जैसे ही सभी खड़े होकर कमरे में जाने लगे उसी दौरान बैलेंस बिगड़ने से एक युवक बालकनी की जाली को तोड़कर छठवीं मंजिल से नीचे गिर गया.हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें चार युवकों को हॉस्टल की बालकनी में देखा जा सकता है. इस दौरान जब वह एक-एक कर उठने लगते हैं, तो उनमें से एक युवक कमरे का दरवाजा खोलकर अंदर चला जाता है. उसके पीछ दो अन्य युवक भी कमरे के अंदर चले जाते हैं. उसी समय एक युवक अपने जूते पहनने के लिए नीचे झुकता है और उसका बैलेंस बिगड़ जाता है.एक युवक अपने साथी को बालकनी की ग्रिल तोड़कर नीचे गिरते देख लेता है और मदद के लिए चीखने लगता है. फिलहाल अब इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. मिल रही जानकारी के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाला छात्र पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी का रहने वाला बताया जा रहा है. जो की कोटा के जवाहर नगर इलाके में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था.खबरों के मुताबिक मृतक युवक का नाम इशांशु भट्टाचार्य बताया जा रहा है. जिसका शव महाराव भीमसिंह अस्पताल के पोस्टमॉर्टम रूम में रखा गया है. फिलहाल वायरल हो रही वीडियो को सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जा रहा है. जिसे देख हर कोई दंग नजर आ रहा है.




# झटके पर झटका! अमरावती सीट भी हारी उद्धव ठाकरे के गठबंधन की जीत ने मचाया तहलका

महाराष्ट्र एमएलसी चुनावों के तहत अमरावती डिवीजन स्नातक निर्वाचन क्षेत्र  पर भी बीजेपी को तगड़ा झटका लगया है. इस सीट पर एमवीए उम्मीदवार धीरज लिंगाडेने बीजेपी उम्मीदवार और मौजूदा विधायक रंजीत पाटिल को हरा दिया है. अमरावती स्नातक सीट के लिए वोटों की गिनती लगभग 30 घंटे तक चली और शुक्रवार (3 जनवरी) दोपहर 1.30 समाप्त हुई. उद्धव ठाकरे गठबंधन यानी महा विकास अघाड़ी की जीत ने महाराष्ट्र की राजनीति में तहलका मचा दिया है. इससे पहले गुरुवार को बीजेपी के गढ़ माने जाने वाले नागपुर में महा विकास अघाड़ी ने जीत दर्ज की थी. एमवीए समर्थित उम्मीदवार सुधाकर अडबाले ने बीजेपी समर्थित उम्मीदवार नागोराव गनार को हराया. बीजेपी समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी गनार इस सीट से मौजूदा एमएलसी हैं.अधिकारियों ने बताया कि अमरावती सीट पर एमवीए उम्मीदवार लिंगाडे को 46344 वोट मिले जबकि बीजेपी नेता रंजीत पाटिल को 42962 वोट मिले. अधिकारी ने कहा कि मतगणना में देरी हुई क्योंकि कोई भी उम्मीदवार जीत के लिए आवश्यक मतों का जरूरी कोटा हासिल नहीं कर सका. मतगणना समाप्त होने के बाद, आंकड़े चुनाव आयोग को अनुमोदन के लिए भेजे गए थे, और परिणाम लगभग 4 बजे घोषित किए गए.अमरावती सीट पर 23 कैंडिडेट मैदान में थे जिनमें से द्वितीय वरीयता के मतों की गिनती में 21 बाहर हो गए. इस सीट पर कुल 94200 वोट पड़े जिनमें से 8387 वोटों को अवैध घोषित कर दिया गया. बता दें कि इन पांचों सीटों पर सोमवार को मतदान यानी 30 जनवरी को वोट डाले गए थे और मतगणना गुरुवार से शुरू हुई थी.शवसेना को तगड़ा झटका लगा है. उनके खाते में केवल एक सीट आई है. महाराष्ट्र में बीजेपी-शिंदे की गठबंधन की सरकार बनने के बाद यह राज्य में पहला एमएलसी चुनाव था. बाकी चार सीटों पर चुनाव परिणाम गुरुवार को ही जारी कर दिये गए थे.





## सम्पादकीय

# वोट और विकास का बजट

मोदी सरकार की दूसरी पारी के अंतिम बजट को लेकर कयास लगाये जा रहे थे कि आम चुनाव से पहले इसका स्वरूप लोक लुभावना ही होगा। लेकिन सरसरी तौर पर नजर डालें तो यह रणनीतिक बजट ही है, जिसमें अर्थव्यवस्था व विकास को तरजीह देते हुए लक्षित वर्ग को राहत देने का प्रयास हुआ है। यह नहीं कहा जा सकता कि सारी योजनाएं महज वोट बटोरने वाली हैं। वैसे तो पहले ही घोषणा की जा चुकी थी कि कोरोना महामारी के घातक प्रभावों से उपजे रोजगार संकट से उबारने वाली मुफ्त चावल-गेहूं योजना 2024 तक जारी रहने वाली है। अब सरकार ने बजट में घोषणा की है कि अस्सी करोड़ लोगों को लाभ देने वाली योजना के लिये सरकार अगले वित्तीय वर्ष में दो लाख करोड़ खर्च करेगी। लेकिन इस योजना का जारी रखना यह सवाल भी पैदा करता है कि जब अर्थव्यवस्था की बेहतरी के दावे किये जा रहे हैं तो अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने की जरूरत क्यों है? सवाल यह भी कि क्या यह सरकार की लोकलुभावन पहल है? यह भी कि ये लोककल्याणकारी कदम है या रेवड़ियां बांटने की श्रेणी में है। निस्संदेह, सरकार की नजर इस साल नौ राज्यों के चुनावों तथा 2024 में होने वाले आम चुनाव पर है। इन राज्यों में त्रिपुरा,नगालैंड, मेघालय, कर्नाटक, राजस्थान व छत्तीसगढ़ आदि राज्य शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार का दावा है कि अमृत काल के इस पहले बजट का लक्ष्य समावेशी विकास है। दावा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध से बाधित विश्व आपूर्ति शृंखला के चलते जब तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाएं मंथर गति से आगे बढ़ रही हैं भारत की विकास दर दुनिया में सबसे तेज 6.8 रहेगी। यह भी कि मंदी के अंधियारे में भारत की अर्थव्यवस्था दमकती रहेगी। इसके पक्ष में आईएमएफ व दूसरी वैश्विक एजेंसियों के दावों को दोहराया जा रहा है। अच्छी बात यह है कि सरकार मान रही है कि अर्थव्यवस्था महामारी के संकट से उबर कर पटरी पर आ चुकी है। बहरहाल, सरकार के सामने महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याएं खड़ी हैं। दूसरा इस वित्तीय वर्ष में बजट घाटा 6.4 रहने की बात कही गई है, उसे कम करने का दबाव सरकार पर रहेगा। सवाल यह भी है कि एक साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे हालात तथा पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में उतार-चढ़ाव के बीच क्या हम विकास दर के लक्ष्य सहजता से हासिल कर पायेंगे? क्या हम वैश्विक मंदी और महंगाई से प्रभावित हुए बिना रह सकते हैं। वैसे अच्छी बात है कि सरकार ने मूलभूत सुविधाओं के निर्माण पर होने वाले खर्च में तैंतीस फीसदी की वृद्धि करके इसे साढ़े दस लाख करोड़ कर दिया है। निस्संदेह इससे जहां रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी,वहीं बाजार में निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री की मांग बढ़ने से बाजार को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में 66 फीसदी की वृद्धि को रोजगार व अर्थव्यवस्था को गति देने वाला कदम कहा जा रहा है। वहीं मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देकर सरकार ने बड़ा कदम बढ़ाया है। दूसरी ओर खेती के लिये कर्ज, डेयरी, पशुपालन तथा मछली पालन को प्रोत्साहित करने वाली योजनाएं बजट का हिस्सा हैं। साथ ही बुजुर्गों-महिलाओं को राहत देने वाली घोषणाएं बजट में हैं। खासकर महिला सम्मान बचत पत्र स्कीम उल्लेखनीय है। निस्संदेह, नई टैक्स व्यवस्था में सात लाख तक की आय को करमुक्त रखने का प्रस्ताव स्वागत योग्य है, लेकिन आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे भविष्य के लिये धन सुरक्षित करने वाली योजनाओं में निवेश कम होगा।

# देश में अमृतकाल, बजट से मालामाल या बुरे होंगे हाल

> मोदी सरकार 2024 के लिए एजेंडा सेट कर रही है और विपक्ष भी अपनी पिच तैयार कर रहा है। आज बजट के जरिए सरकार ने अपनी अर्थनीति देश के सामने रख दी। इस अर्थनीति के बैकड्रॉप में राजनीति भी है।

प्रियंका सौरभ

अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह मोदी सरकार का आखिरी पूर्ण बजट है. केंद्रीय बजट से आम आदमी से लेकर उद्योग जगत को भी कई उम्मीदें हैं, कोरोना महामारी के बाद भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था की हालत दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले बेहतर है, फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था जी 20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली इकोनॉमी है, हालांकि,देश की इकोनॉमी की रिकवरी तेज करने, कर्ज के बोझ में कमी लाने, मध्यम वर्ग को राहत देने और राजकोषीय घाटा कम करने जैसी बड़ी चुनौतियां हैं. साल 2023 उस समय को दिखाता है जब भारत अमृत काल में प्रवेश कर रहा है. आने वाले 25 सालों में 2047 का साल आएगा, जो हमारी स्वतंत्रता का 100वां साल होगा. मोदी सरकार 2024 के लिए एजेंडा सेट कर रही है और विपक्ष भी अपनी पिच तैयार कर रहा है। आज बजट के जरिए सरकार ने अपनी अर्थनीति देश के सामने रख दी। इस अर्थनीति के बैकड्रॉप में राजनीति भी है। सरकार ने मिडिल क्लास को खुश करने वाला दांव चल दिया है। किसान के खलिहान और गरीब की थाली के लिए अपनी थैली खोल दी है। अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह मोदी सरकार का आखिरी पूर्ण बजट है. केंद्रीय बजट से आम आदमी से लेकर उद्योग जगत को भी कई उम्मीदें हैं, कोरोना महामारी के बाद भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था की हालत दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले बेहतर है, फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था जी 20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली इकोनॉमी है, हालांकि,देश की इकोनॉमी की रिकवरी तेज करने, कर्ज के बोझ में कमी लाने, मध्यम वर्ग को राहत देने और राजकोषीय घाटा कम करने जैसी बड़ी चुनौतियां हैं. साल 2023 उस समय को दिखाता है जब भारत अमृत काल में प्रवेश कर रहा है. आने वाले 25 सालों में 2047 का साल आएगा, जो हमारी स्वतंत्रता का 100वां साल होगा.. व्यक्तिगत कर में मोदी सरकार ने नौकरीपेशा वर्ग को बड़ी राहत दी है. अब नई कर व्यवस्था के तहत 7 लाख तक की सालाना आय टैक्स-फ्री हो गई है. यह छूट पहले 5 लाख तक थी. पुरानी कर व्यवस्था के तहत कर छूट की सीमा अब 2.5 लाख से बढ़ाकर 3 लाख तक कर दी गई है. वहां टैक्स स्लैब में भी बदलाव हुआ है. अब 0 से 3 लाख रुपये- 0, 3 से 6 लाख रुपये ह 5:, 6 से 9 लाख रुपये ह 10:, 9 से 12 लाख रुपये ह 15:, 12 से 15 लाख रुपये ह 20:, 15 लाख से ऊपर की सालाना आय पर ह 30: टैक्स लगेगा. ह्वनए टैक्स सिस्टम में अब ज्यादा इंसेंटिव दिए जा रहे हैं. इससे टैक्सपेयर्स बिना किसी संकोच के पुराने से नए टैक्स रिजीम में शिफ्ट कर सकेंगे जिनकी आमदनी 7 लाख रुपये तक है, उन्हें एक रुपये भी टैक्स नहीं देना होगा, लेकिन उनकी आमदनी 7 लाख से एक रुपये भी बढ़ जाती है तो उन्हें टैक्स देना होगा सबका साथ - सबका प्रयास के जरिए जनभागीदारी की जरूरत को ध्यान में हुए अमृत काल के लिए मजबूत वित्तीय क्षेत्र के साथ एक तकनीक-संचालित एवं ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला यह बजट है। इनमें समावेशी विकास, अंतिम मील तक पहुंच, अवसंरचना एवं निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र इन मुद्दों का समावेश है। देश के विकास के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास बेहद जरूरी है। सड़क, रेल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेती से जुड़े महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया गया निवेश मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही व्हेईकल स्क्रैपिंग पॉलिसी को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए अनेक नई योजनाओं जैसे 2,200 करोड़ रुपये का आत्मनिर्भर स्वच्छ योजना कार्यक्रम, वैकल्पिक उर्वरकों और उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम योजना का प्रावधान किया गया है। दूसरी तरफ मैडम वित्तमंत्री की बहुत तारीफ हो रही है। 41 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला और 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन।देश की जनसंख्या कितनी है? देश में अमीर कितने हैं? सिर्फ दो?या दो सौ?या दो हजार या दो लाख? कर्मकांड,आस्था,राजनीति और भक्ति,राष्ट्रवाद को छोड़े बिना अर्थव्यवस्था को भी समझें। अर्थशास्त्री के छात्र और शिक्षक हमें अर्थशास्त्र समझा दें तो बेहतर। दुनिया मंदी की चपेट में हैं। छंटनी की बहार है और हमारे बच्चों ने पिछले तीन दशकों से कुछ नहीं सीखा आईटी और कम्प्यूटर के सिवाय। अब बच्चों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी से होगा रोजगार सृजन? स्टार्टअप से? संविदा नौकरी से? फाइव जी से? आर्टिफिशियल टैलेंट से? ऑनलाइन क्लास का नतीजा यह है कि स्कूली बच्चे भी प्रेम में आत्महत्या कर रहे हैं। लिव इन में बुराई नहीं है।लेकिन ब्रेक अप के बाद गर्ल फ्रेंड के खिलाफ हिंसा,अपराध? नशे का शिकंजा? किसानों को कर्ज से होगा कृषि विकास और विकास एनजीओ और पीपीपी के भरोसे? सात लाख की आय तक इनकम टैक्स नहीं देना होगा।स्वागत है।जनता मालामाल हो गई। स्थाई नौकरी कितने करोड़ लोगों की है? 15 लाख से ऊपर जिनकी आय है,उन्हें सिर्फ 30 प्रतिशत टैक्स देना है।

# अमृतकाल के बजट का मतलब

> सब जानते कि यह भाजपा सरकार का दूसरा कार्यकाल । लेकिन बजट में पिछले वित्तीय वर्ष की समीक्षा और अगले वित्तीय वर्ष की नीतियों का जिक्र होना चाहिए, उसमें पिछले 9 सालों की बात करने का क्या मतलब क्या मोदी सरकार किसी भी मौके को राजन तिक बनाने से नहीं चूकेगी।

जब कोई अपनी योग्यता अपने काम के जरिए साबित न कर पाए, तो फिर वह झूठी प्रशस्तियों और भारी-भरकम शब्दों का इस्तेमाल करता है, ताकि पढ़ने वाला इनमें उलझ कर रह जाए। इस साल सरकार ने जो आम बजट पेश किया है, वह ऐसे ही भारी-भरकम शब्दों से भरा हुआ है, जिसके भावार्थ समझने में जनता ऐसी उलझेगी कि अपनी बुनियादी समस्याओं से उसका ध्यान हट जाएगा। 1 फरवरी को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 75वां आम बजट पेश किया। उन्होंने इसे पहला अमृतकाल बजट बताया। अब 75 का आंकड़ा आ गया है, तो अमृत की संज्ञा यहां जोड़ी जा सकती है। विचारणीय है कि क्या अमृत शब्द के इस्तेमाल से समस्याओं के विष से छुटकारा मिल सकता है। क्या शब्दों की बाजीगरी से अर्थव्यवस्था में आई गिरावट संभाली जा सकती है। निर्मला सीतारमण ने केवल अमृत शब्द का इस्तेमाल नहीं किया, उन्होंने यह भी कहा कि बजट की प्राथमिकताएं सात बिंदु होंगे जो सप्तऋषि की तरह देश का मार्गदर्शन करेंगे। सरकार के सप्तऋषि होंगे-सहभागिता के साथ विकास (जिसमें वंचितों के साथ-साथ सभी को वरीयता दी जाएगी), खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा, आखिरी तबके तक पहुंचे की कोशिश, काबिलियत का पूरा इस्तेमाल, सतत ऊर्जा की तरफ बढ़ने की कोशिश, वित्तीय क्षेत्र और युवाओं पर ध्यान। सरकार ने जिन लक्ष्यों को अब सप्तऋषि बताया है, वे तो हर लोक कल्याणकारी सरकार के दायित्व हैं, फिर बजट में इन उद्देश्यों को अलग से बताने का कोई औचित्य नहीं है। फिर भी सरकार ने ऐसा किया, क्योंकि असल में जिन बिंदुओं पर बात होनी चाहिए, जैसे बेतहाशा महंगाई पर काबू पाने के प्रावधान, करोड़ों बेरोजगारों के लिए नौकरियों का इंतजाम, किसानों से किया गया एमएसपी का वादा, बैंकों में ऋ णों की हेरा-फेरी, डूबत खातों का बढ़ता डर, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सुरक्षित भविष्य, डॉलर की बढ़ती कीमत इन सब पर सरकार मौन रही। अगर इन ज्वलंत समस्याओं को फोकस में रखते हुए बजट तैयार किया जाता, तो फिर सप्तऋ षि, अमृत जैसी संज्ञाओं की जरूरत नहीं पड़ती। वित्त मंत्री ने कहा कि इन 9 वर्षों में, भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ी है। सब जानते हैं कि यह भाजपा सरकार का दूसरा कार्यकाल है। लेकिन बजट में पिछले वित्तीय वर्ष की समीक्षा और अगले वित्तीय वर्ष की नीतियों का जिक्र होना चाहिए, उसमें पिछले 9 सालों की बात करने का क्या मतलब है। क्या मोदी सरकार किसी भी मौके को राजनैतिक बनाने से नहीं चूकेगी। जिन 9 सालों में अर्थव्यवस्था की मजबूती की बात वित्तमंत्री ने की है, उन्हीं 9 सालों में सिलेंडर की कीमतें 4 सौ से हजार रुपए हो गई हैं और पेट्रोल 60 से सौ रुपए। देश में आर्थिक असमानता की खाई अभी जितनी गहराई है, उतनी पहले कभी नहीं थी निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए बताया कि देश में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गई है। लेकिन फिर बजट में ये घोषणा भी की गई है कि अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। पाठक जानते हैं कि कोरोना लॉकडाउन के वक्त 80 करोड़ गरीबों को पांच किलो मुफ्त अनाज देने की शुरूआत सरकार ने की थी और इसे कुछ-कुछ महीनों के अंतराल पर बढ़ाया जाता रहा। यह कदम इसलिए उठाया गया था क्योंकि लॉकडाउन के कारण लाखों लोग बेघर, बेरोजगार हो गए थे। कई छोटे और मध्यम उद्योगों पर ताला लग गया था। बेरोजगारी के कारण आत्महत्याएं देश में बढ़ गईं और गरीबों की संख्या भी। इसके बाद भुखमरी का आंकड़ा भी न बढ़ जाए, इसलिए मुफ्त अनाज ढाई सालों तक दिया जाता रहा और अब फिर इसे एक साल के लिए बढ़ाया गया है। अगर देश में लोगों की आमदनी दोगुनी हो चुकी है, तो फिर सरकार को मुफ्त अनाज की योजना जारी क्यों रखनी पड़ी है। इस बार के बजट को चुनावी बजट कहा जा रहा है, क्योंकि इस साल 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं और फिर अगले साल आम चुनाव। उसके पहले इस बजट में सरकार ने ऐसी व्यवस्थाएं की हैं, ताकि मध्यमवर्ग और महिलाओं को खुश किया जा सके। इस बार आयकर छूट की सीमा को 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख कर दिया गया है, यानी 7 लाख तक कोई आयकर नहीं देना होगा। उच्चमध्यमवर्ग इस घोषणा से प्रसन्न है। वहीं महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू करने की घोषणा की गई है। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। नोटबंदी के कारण महिलाओं की जमापूंजी पर गहरा असर पड़ा था। आड़े वक्त्त के लिए बचा कर रखी गई उनकी धनराशि एकदम से उनके हाथ से निकल गई थी। अब यह बचत पत्र की इस योजना को महिला सम्मान के साथ जिस तरह से जोड़ा गया है, देखना होगा कि उससे पहले मिले जख्मों पर कितनी राहत मिलती है। शिक्षा के क्षेत्र में कोई बड़ी घोषणा तो बजट में नहीं हुई है, लेकिन डिजिटल लाइब्रेरी की घोषणा के साथ बताया गया है कि अगले तीन सालों में 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।

# साहित्य समाज का दर्पण है

सोचिए साहित्य न होता तोड़ ज्ञान का स्तर बुद्धि के नक्शे में नीचे की सतह पर मृत्युशैया पर लेटा होता। साहित्य समाज का दर्पण है। हर भाव, हर रस, रुप, रंग, विचार और घटनाओं को अभिव्यक्त करने का ज़रिया है साहित्य। साहित्य का आगमन वो क्रान्ति है जिसने प्रबुद्ध लेखकों को अपनी कल्पना और विचारों द्वारा समाज को मानव सभ्यता का विकास और बौद्धिक स्तर पर संपन्न करने का काम किया। साहित्य को लेखकों और विद्वानों द्वारा विभिन्न अवधियों और विभिन्न संस्कृतियों के माध्यम से भाषा के लिखित कार्यों के संग्रह के रूप में परिभाषित किया गया है।कितनी शैलियों में बँटा कलात्मक शब्द के रूप में साहित्य लिखित कार्यों को संदर्भित करता है जैसे उपन्यास, लघु कथाएँ, आत्मकथाएँ, संस्मरण, निबंध और कविता। शास्त्रसमूह को साहित्य कह सकते है। स+हित+य के योग से बना है साहित्य।साहित्य स्त्रोत है उस उर्जा का, जो फूलों की खुशबू को परिभाषित करता है, वो चेतना है जो समाज को जागरूक करती है, वो रास्ता है जो इंसानों को ज़िंदगी से मिलवाता है, वो सज़्दा है जो आशिक अपनी माशुका के माहताब को चाँद समझकर करता है, साहित्य लेखकों की कल्पनाओं को साकार रुप देने वाला साँचा है। बादलों को रुई की फ़ाहों का उपमान देकर गज़लों की पंक्तियों को मायने देता आईना है। साहित्य वंदना है, साहित्य बौधिक स्तर को बढ़ाने वाली जादुई पुड़िया है। कहा जाता है कि परिवर्तन संसार का नियम है, लेखन में भी स्वतंत्रता की चिंगारी पीढ़ी दर पीढ़ी गुजरते आग का स्वरूप ले रही है। समय के चलते साहित्य में भी बदलाव आता रहा है। हर युग के लेखकों ने अपनी सोच, अपनी कल्पनाओं को उड़ान देते साहित्य को ओर निखारा है। वैष्वीकरण की तेजी से घटती घटनाओं का साहित्य लेखन पर गहरा प्रभाव पड रहा है। एक भाषा का



लेखक अन्य भाषाओं के प्रचलित शब्दों को अपनी रचना में सम्माननीय स्थान दे रहा है। आज हिन्दी और उर्दू में बड़ा अन्तर केवल लिपि का रह गया है जो बहुत ही प्रेरणादायक है।सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और उसके बाद दुष्यंत कुमार ने कविताओं के लेखन के बदलता स्वरूप समाज के सामने रखा। हिन्दी में अतुकान्त और अगेय कविताओं के रास्ते खुल गए। जो छन्दबध्ध रचना नहीं लिख सकते थे उनके लिए भी द्वार खुले। हिन्दी में गजलें लिखी जाने लगी तथा पसन्द की जाने लगी। नज़्मे लोगों को समझ में आने लगी।साहित्य लेखन के बदलते स्वरूप के अंतर्गत स्तंभ बदलते है, उपमाएं बदली है, प्रतीक चिन्ह बदले है। अब सुंदर आँखों को कवि कमल के फूल की उपमा नहीं देता। लबों को पंखुडियां नहीं लिखता न गेसूओं को घने बादलों के उपमान से सजाता है। ऋतुओं के वर्णन में भी कवियों की उतनी रूचि नहीं रही। पर हाँ प्यार, इश्क, मोहब्बत आज भी कवियों की पहली पसंद है ये बहुत अच्छी बात है। दिल जुड़ने से लेकर टूटने पर असंख्य कविताएँ लिखी जाती है। प्रेम आजकल चाईना के सामान जैसा जो बन गया है। इसके साथ अब साहित्यकार सूखा, बाड़, भूकम्प, राजनीति, कालेधन, और भ्रष्टाचार जैसी समसामयिक समस्याओं पर लिखता है। लम्बी रचनाएं अब मुक्तक काव्य का रूप ले रही है। ये सब पढ़ कर मैथलीषरण गुप्ता जी की पंक्तियां याद आती है कि परिवर्तन ही यदि उन्नति है, तो हम बड़ते जाते है, किन्तु मुझे तो सीधे सच्चेपूर्व भाव ही भाते है। बात तो सही है जो आम पाठकों के दिल को छू जाए वही साहित्य सबको भाता है। साहित्य सागर है, शब्दों के घट में छुपे खजाने को जिसने ढूँढ लिया वही सरताज है साहित्य का।

**भावना ठाकर भावु बेंगलोर**

## सरकार का जरूरी दखल

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को अब किसी प्रोडक्ट का रिव्यू या ब्रैंडिंग करते समय यह बताना होगा कि इसके बदले कंपनी से पैसे तो नहीं लिए। यह भी बताना होगा कि कंपनी की तरफ से किसी तरह की सुविधा तो नहीं दी गई। उन्हें अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर जानकारी देनी होगी कि यह पेड है या नहीं। उपभोक्ता मामले के मंत्रालय ने शुक्रवार को इस मामले में नई गाइडलाइंस जारी की।सोशल मीडिया पर सक्रिय इन्फ्लुएंसर्स की नई और उभरती हुई बिरादरी को कानून के दायरे में लाकर उसे ज्यादा जिम्मेदार बनाने की सरकार की ताजा कोशिश स्वाभाविक ही हर किसी का ध्यान खींच रही है। दरअसल, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम पर ये ऐसे ट्विटर अकाउंट हैं, जिनसे लोगों को अक्सर न केवल दिलचस्प और उपयोगी जानकारी मिलती है, बल्कि उनका मनोरंजन भी होता है। लेकिन इसके साथ ही बहुत से इन्फ्लुएंसर्स विभिन्न ब्रैंड के प्रोडक्ट्स का प्रमोशन भी करते हैं। अभी तक यह सब अनौपचारिक स्तर पर चल रहा था और इनके व्यवहार को नियमित-निर्देशित करने वाले कानून नहीं थे। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर्स अफेयर्स की ओर से शुक्रवार को जारी गाइडलाइंस इसी कमी को पूरा करती है। जिस तरह के प्रावधान (50 लाख रुपये तक का जुर्माना और किसी ब्रैंड को प्रमोट करने पर छह साल तक की रोक) इसमें किए गए हैं और जितने विस्तार से लेन-देन को व्याख्यायित किया गया है, उसे कड़ा जरूर कहा जा सकता है, लेकिन इन दिशानिर्देशों को गंभीरता से लिया जाए और सभी संबंधित पक्ष इस पर निष्ठा से अमल करें, यह सुनिश्चित करने के लिए ऐसा करना जरूरी था।खासकर, इसलिए भी कि यह सेक्टर अभी उभर ही रहा है, इससे जुड़ी चीजें अभी परिभाषित हो रही हैं, आकार ले रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही यहां उस तरह का प्रफेशनल नजरिया नहीं दिखता जैसा अन्य पेशों में नजर आता है। लेकिन इसीलिए यह और जरूरी हो जाता है कि इस क्षेत्र को अनुशासित करने की कोशिश भी अभी से की जाए। जहां तक इसके नकारात्मक प्रभावों का सवाल है तो उसकी आशंका इसलिए भी नहीं है कि नया होते हुए भी यह क्षेत्र काफी तेजी से फल-फूल रहा है। 2022 में भारत में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का बाजार 1275 करोड़ रुपये का था, जिसके 2025 तक 2800 करोड़ रुपये का होने का अनुमान है।ज की तारीख में ऐसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स जिनकी थोड़ी धाक है यानी जिनके पास फॉलोअर्स की अच्छी संख्या है, उनकी संख्या एक लाख से ऊपर बताई जाती है। जाहिर है, इन लोगों को अपनी लोकप्रियता का बेजा फायदा उठाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। इसीलिए सरकार ने यह व्यवस्था की है कि अगर ये किसी ब्रैंड को प्रमोट करते हैं और उस क्रम में किसी तरह का भौतिक लेन-देन होता है, तो उन्हें उसकी जानकारी इस तरह से सार्वजनिक करनी होगी कि उस प्रमोशन से प्रभावित हो रहे लोग उस जानकारी से वंचित न रह जाएं। उन्हें यह बात हर हाल में मालूम हो कि पेड प्रमोशन देख रहे हैं।यह पारदर्शिता न केवल पेशे की प्रामाणिकता के लिए जरूरी है बल्कि यह उपभोक्ताओं के अधिकार का भी सवाल है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार का यह दखल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के इस क्षेत्र को एक स्वतंत्र पेशे के रूप में विकसित होने में मदद करेगा।



## जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक कार्य

आज ग्राम भवनपुरा जिला भिंड में श्रीमद् भागवत कथा को अपनी मधुर वाणी से प्रस्तुत करने वाले कथावाचक श्याम भैया जी एवं उनकी टीम का जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अरुणेश सिंह भदोरिया जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माननीय श्री जितेंद्र सिंह भदोरिया जी ने सभी को सोल पहनाकर उनका आशीर्वाद लिया जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी निरंतर सामाजिक कार्यो के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में भी अपना योगदान देती रहती है

# बीज उत्पादक संस्थाओं पदाधिकारियों प्रशिक्षण संपन्न हुआ

**उमाकांत शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केंद्र नई दिल्ली के मार्गदर्शन एवं सहयोग से जिला सहकारी संघ मर्या0 भिण्ड के तत्वाधन में बीज उत्पादक सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों का त्रिदिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम जिला संघ सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री जे.एस राठौर पूर्व कृषि विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि शासन द्वारा कृषि विकास के लिये निरन्तर ठोस प्रयास किये जा रहे है। कृषि को लाभकारी बनाना उत्पादन ब?ने पर ही सम्भव हो सकेगा अतः बीज संस्थायें अपने सदस्यों को अधिकतम प्रमाणित बीज उत्पादन



लेने हेतु प्रेषित करें।अध्यक्षीय उदबोधन में श्री प्रेमनारायण शर्मा पूर्व प्रशिक्षक ने कहा कि सहकारी संस्थायें नेतृत्व विकास की पाठशालायें है। अपने क्षेत्र के किसानों को समुचित नेतृत्व प्रदान कर आर्थिक विकास में भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है। कुशल



नेतृत्व के लिये विश्वास अर्जित करना सदाचरण एवं समसता का भाव अनिवार्य है। हमें अपनी संस्थाओं को शसक्त बनाने की आवश्यकता है इस हेतु अधिकतम कृषक संस्थाओं को जो? तथा समयानुसार सही जानकारी प्रदान करनी चाहिये।श्री एन. एस. भदौरिया द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि सहकारिता मे प्रशिक्षण भी अनवरत चलते रहने वाली प्रक्रिया है क्योकि संस्थाओं में खुली सदस्यता के माध्यम से नवीन सदस्य जुडते रहते है अतएव सहकारिता का प्रशिक्षण सहकारिता की जानकारियों तथा वैधानिक प्रक्रियाओं से अवगत होते रहना चाहिये। समापन अवसर पर श्री आर के शर्मा द्वारा अतिथि वक्ताओं का अभार प्रदर्शन किया गया। तथा उपस्थित प्रतिभागियों को पाठ्य साहित्य स्टेशनरी एवं फाइल वेग प्रदान किये गये।इस कार्यक्रम में भाग लेने तथा विधिवत प्रशिक्षण लेने वाले 35 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### मंत्री कप में तीसरे दिन हुए बेहतरीन 6 मुकावले

# 128 टीमें गणेश शंकर विद्यार्थी ग्राउंड पर बहा रही पसीना

**मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय**

अमर सहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की स्म्रति में ग्रामीण ज्ञानालय द्वारा नगर में चल रहे मंत्री कप 2023 के तीसरे दिन के मैच में हुए बेहतरीन 6 मुकाबले जिसमे ढूढेर के खिला?ी अरुण ने शतक लगाकर ढुंडेर को एकतरफा जीत दिलाई शुक्रवार के दिन के पहला मैच ढुंडेर 11 और रामनगर के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए ढुंडेर ने 8 ओवर में 191 रनों का लक्ष्य दिया । जवाब में उतरी रामनगर मात्र 60 रन ही बना पाई और ये मैच ढुंडेर ने 130 रनों से जीत लिया ढुंडेर की तरफ से अरुण ने शानदार शतक लगाया। दिन का दूसरा मैच पिपरई वार्ड 5 और मड़ी खुर्द के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए पिपरई वार्ड 5 ने 64 रनों का लक्ष्य दिया जिसको मड़ी खुर्द ने मात्र 3 ओवर में ही हासिल कर लिया और मैच 10 विकेट से को जीत लिया । दिन का तीसरा मैच जारौली बुजुर्ग और जतोली के बीच हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए जारौली बुजुर्ग ने 141 रनों का बहुत बड़ा लक्ष्य दिया जवाब में जतोली ने मात्र 80 रन ही बना पाई जारौली बुजुर्ग ने ये मैच 60 रनों से जीत लिया जारौली बुजुर्ग की तरफ से राजकुमार ने शानदार 73 रनों की पारी खेली । दिन का चौथा मैच रुहाना 11 और मीरकाबाद



के मध्य हुआ रूहाना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 58 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए मीरकाबाद ने 4 ओवरों में लक्ष्य को हासिल कर लिया मीरकाबाद ने ये मैच 9 विकेट से जीत लिया । दिन का पांचवा मैच नाबनी 11 और सीहोरा के बीच हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए सीहोरा ने 92 रन बनाए जबाब में उतरी नावनी मात्र 79 रन ही बना पाई ये मैच सीहोरा ने 13 रन से जीत लिया छठवा मैच कुकावली और बांसखे?ी के मध्य खेला गया जिसमें बांसखे?ी ने 107 रन बनाये उसका पीछा करते हुए कुकावली 82 रन पर ऑल आउल हो गई जो 25 रनों से हार गई मैच के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री बृजेंद्र सिंह यादव जिला कलेक्टर श्रीमति आर उमा महेश्वरी मंडल अध्यक्ष राजेश यादव अवधेश तिवारी उत्तम यादव नागेंद्र परिहार डॉ वाय एस तोमर डॉ दिनेश त्रिपाठी डॉ अमित आर्य बलवीरसिंह यादव सरपंच टूर्नामेंट के आयोजक अर्जुन बृजेंद्र सिंह मौजूद रहे ।

# जीतो द्वारा बजट पे चर्चा आज

### एफ के सी सी आई ऑडिटोरियम में होगी चर्चा

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अभी हाल ही में संसद की पटल पर रखे गये ÷आम बजट÷ के प्रस्तावों को बारीकी से समझने, आम जनता के लिये उसमें निहित फायदे नुकसान को जानने,बजट की अनभिज्ञ जानकारियों को प्राप्त करने तथा जनता की उत्सुकता का समाधान करने हेतु जीतो बैंगलुरु नार्थ द्वारा विशेषज्ञों के साथ एक चर्चा का आयोजन शनिवार शाम को किया जा रहा है। केजी रोड स्थित स्न्नयष्टष्टढ्ढ ऑडिटोरियम में आयोजित इस चर्चा में समाज के सभी बंधुगण आमंत्रित है। संयोजक व नार्थ कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी के अनुसार



चर्चा में कमर्शियल टेक्स के अतिरिक्त कमिश्नर डा. मुरली कृष्णा बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे जबकि खींचा एंड कंपनी के नवीन खारीवाल व वेणु एंड विनय के वेणुगोपाल गेला अतिथि वक्ताओं के रूप में सम्मिलित होंगे। सह संयोजक व सह कोषाध्यक्ष मिश्रीमल कटारिया ने जानकारी दी कि चर्चा के दौरान आम बजट की बारीकियों के साथ साथ जीएसटी के व्यावहारिक मुद्धों को भी समझाया जाएगा। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि इस चर्चा के माध्यम से जन-मानस को विशेषज्ञों से बजट के प्रस्तावों की सरल भाषा में जानकारी के साथ मन में उठने वाली शंकाओं का समाधान भी मिलेगा। अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा व महामंत्री सुधीर गादिया ने चर्चा में भाग लेकर बजट में समाहित अपने हितों को समझने का अनुरोध समाज की महानुभावों से किया है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा शुरू

# भिण्ड के पिडौरा गॉव में निकली श्रीमद् भागवत कथा शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु



**भिण्ड**...टीकरी माता मन्दिर गॉव पिडौरा में पंडित श्री रामजीलाल समाधिया के यहॉ भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। बैंडबाजों पर बज रही धुनों से वातावरण भक्तिमय हो गया।सात दिवसीय भागवत कथा समारोह के पहले दिन आचार्य पंडित श्री इन्द्रेश जी के सानिध्य में विधि-विधान के साथ वेदी पूजन किया गया। तत्पश्चात मंदिर से भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल पीतांबर धारी महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण कर प्रभु का गुणगान करते हुए चल रही थी। कलश यात्रा माता मन्दिर टीकरी के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पास कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। कथा व्यास आचार्य पंडित ने कहा कि श्रीमद्भागवत के अनुसरण से भक्त का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर बड़े ही सौभाग्य से प्राप्त होता है।इस अबसर पर समस्त श्रोतागण व ग्रामबासी उपलब्ध रहै...

## पूर्व विधायक ने दिखाई दरियादिली , घायल को अपनी गाड़ी से छोड़ा हॉस्पिटल

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**



**कुरवाई /सिरोंज** कुरवाई के पूर्व विधायक वीर सिंह पवार शुक्रवार को कुरवाई से जब विदिशा जा रहे थे उसी समय मेहलुआ चौराहे पर घायल अवस्था में मां और बेटे को देखा तब उन्होंने अपनी गाड़ी रोक कर अपनी स्वयं की गाड़ी से उन्हें कुरवाई हॉस्पिटल ले जाकर दोनों लोगों का उपचार करवाया 7 जिसकी लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर जमकर सराहना की जा रही है

# मानवाधिकार सुरक्षा संघ द्वारा उड़ीसा के जगन्नाथपुरी सम्रद्धि सभागार में राष्ट्रीय कार्यक्रम हुआ

**मुन्ना खान ब्यूरो चीफ**

**खरगोन।** उड़ीसा के प्रदेशाध्यक्ष प्रियप्रशाद मिश्रा के नेतृत्व में मानवाधिकार सुरक्षा संघ का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय चेयरमैन हरित हरीश चंद्र और विशेष अतिथिमध्यभारत अध्यक्ष श्रीमान सतीश गांगलेजी थे।गांगलेजी द्वारा मानवाधिकार सुरक्षा संघ के राजस्थान अध्यक्ष विक्रम सोंलकी ओड़िशा अध्यक्ष



जयपुर अध्यक्ष हीरालाल,जिला महासचिव जयपुर अनिल कुमार व जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार तथा अनेक प्रशासनिक अधिकारियों व समाजिक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।मध्यप्रदेश से खरगोन जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले,प्रवीण यादव,जितेंद्र भालसे पत्रकार मुन्ना खानवऔर उनकी टीम ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया।

# बालाघाट में संचालित खेलो इंडिया यूथ गेम:2022 के पांचवें संस्करण में बना इतिहास

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

01 से 10 फरवरी 2023 तक बालाघाट में आयोजित महिला फुटबाल प्रतियोगिता में 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं की 08 टीम भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, दमन-दादर, अरूणाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं हरियाणा की टीम भाग ले रही है। इन टीमों को दो ग्रुप-ए एवं बी में बांटा गया है। ग्रुप-ए में दमन एवं दादरा, अरूणांचल प्रदेश, केरल एवं मध्यप्रदेश की टीम को रखा गया है। ग्रुप-बी में बिहार, हरियाणा, पश्चिम बंगाल एवं मणीपुर की टीम को रखा गया है।मुलना स्टेडियम बालाघाट के मैदान पर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में केरल प्रदेश की टीम ने 20 गोल कर इतिहास बनाया है। खेलो इंडिया के तीसरे संस्करण जो असम प्रदेश के गुवाहाटी में आयोजित किए गए थे, प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल उड़ीसा टीम ने कर इतिहास बनाया था। उसके पश्चात 01 फरवरी 2023 को बालाघाट में मध्यप्रदेश की टीम ने 17 गोल कर उस रिकॉर्ड को तोड़ा था। लेकिन मध्यप्रदेश की टीम का रिकॉर्ड 3 फरवरी 2022 को केरल ने दमन-दादर के साथ खेलते हुए एकतरफा मुकाबले में 20 गोल से पराजित कर अपना नाम इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा दिया है।3 फरवरी को हुए दूसरे मैच में केरल की टीम ने दमन-दादर की टीम को 20-00 से परास्त किया है। केरल की टीम पूरे समय दमन-दादर की टीम पर हावी रही और उसने 20 गोल कर दिये। जबकि दमन-दादर की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। केरल की ओर से क्रिसमारिया साजू ने 04, सेरा मेरी थामस ने 03, नीलाम्बरी ने 03, अर्पणा केआर ने 03, रेशमा पी ने 02, एलीना टोनी ने 02, गिष्मा एमपी ने 01, अंजना राजेशन ने 01 गोल किया। जबकि दमन-दादर की टीम ने स्वयं के ही गोल पोस्ट में एक बार गेंद डाल दी। इस प्रकार केरल की टीम ने 20-00 के बड़े अंतर से यह मैच जीत लिया है।खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 के अंतर्गत मुलना स्टेडियम में बालाघाट में चल रही महिला फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज 03 फरवरी को पहले मैच में अरूणाचल प्रदेश की टीम ने मध्यप्रदेश की टीम को 04-01 से पराजित कर दिया है। मैच के पहले हाफ में अरूणचल प्रदेश की टीम ने अच्छा खेल दिखाया और एक के बाद एक तीन गोल कर दिये। पहले हाफ में मध्यप्रदेश की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया और इसमें अरूणाचल प्रदेश की टीम 01 एवं मध्यप्रदेश की टीम 01 गोल करने में सफल रही। इस प्रकार अरूणाचल प्रदेश की टीम ने यह मौच 04-01 के अंतर से जीत लिया। अरूणाचल प्रदेश की ओर से एंजल तायांग ने 02 गोल, काय रूमी ने 01 एवं गैनी रामचिंग ने 01 गोल किया। मध्यप्रदेश की ओर से एकमात्र गोल मोनिषा सिंह ने किया।



**आज मणिपुर-हरियाणा एवं पश्चिम बंगाल-बिहार का होगा मैच**-04 फरवरी को प्रातः 10 बजे से मणिपुर के विरूद्ध हरियाणा एवं दोपहर 2.30 बजे से पश्चिम बंगाल के विरूद्ध बिहार की टीम खेलेगी। 05 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दमन एवं दादरा के विरूद्ध अरूणाचल प्रदेश एवं दोपहर 2.30 बजे से केरल के विरूद्ध मध्यप्रदेश की टीम खेलेगी। 06 फरवरी को प्रातः 10 बजे से बिहार के विरूद्ध हरियाणा एवं दोपहर 2.30 बजे से पश्चिम बंगाल के विरूद्ध मणिपुर की टीम खेलेगी। 08 फरवरी को सेमी फायनल एवं 10 फरवरी को फायनल मैच खेला जायेगा।

# भगवान विष्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज ।** विष्वकर्मा समाज द्वारा शुक्रवार को भगवान विष्वकर्मा का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शहर में भगवान विष्वकर्मा की शोभा यात्रा निकाली गई। प्रातः भोपाल रोड जटाशकर स्थित विष्वकर्मा मंदिर पर भगवान विष्वकर्मा की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। इसके बाद दोपहर 12 बजे छत्रीनाका चौराहा चन्द्र मोहन सभागार से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। जो कि नगर के मुख्य मार्ग बामोरा रोड,कष्टम पथ,कठाली बाजार,सराफा बाजार,कपडा बाजार,चांदनी चौक,कोट गेट,राज बाजार,पुराना बस स्टेण्ड,तहसील रोड होते हुए भोपाल रोड पर जटाशकर स्थित विष्वकर्मा मंदिर पहुचकर विशल शोभा यात्रा का समापन हुआ। जहां समाजजनों ने भगवान विष्वकर्मा की पूजा अर्चना की। साथ ही विषाल भण्डारें का आयोजन किया गया। वही सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा से भक्तों ने सुख-समृद्धि व धन-धान्य की कामना की। भारतीय समाज में यह मान्यता रही है कि विष्वकर्मा जयती के अवसर पर देवषिल्पी की पूजा अर्चना से रोजगार और कारोबार में तरक्की मिलती है। इतिहासविदो के अनुसार वास्तुषिल्पी विष्वकर्मा माता अंगिरसी की संतान है। वे षिल्पकारों और रचनाकारों के अराध्य देव है। सृष्टि की रचना के समय ब्रह्म जी की मदद देवषिल्पी ने ही की थी। भगवान विष्वकर्मा ने स्वर्ग लोक,श्रीकृष्ण की नगरी द्वारिका,सोने की लंका,पुरी मंदिर,के लिए भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं सुभद्रा की मूर्तियां,इंद्र के अस्त्र व्रज आदि का निर्माण किया था। वही वजह है कि इस दिन यंत्रो की पूजा का विषेष महत्व होता है। इस दौरान विश्वकर्मा महापंचायत के जिला अध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा विष्वकर्मा उत्थान समिति के अध्यक्ष देवी राम विष्वकर्मा,राधेष्याम विष्वकर्मा,बब्लू विष्वकर्मा,षिवकुमार विष्वकर्मा,देवेन्द्र विष्वकर्मा,मनोज विष्वकर्मा,आजाद विष्वकर्मा,दिनेष विष्वकर्मा,राकेष विष्वकर्मा,धनराज विष्वकर्मा,रोहित विष्वकर्मा,सुरेष विष्वकर्मा,मनोज विष्वकर्मा,रामस्वरूप विष्वकर्मा,राजकिषन विष्वकर्मा,महेष विष्वकर्मा,ष्याम बाबू विष्वकर्मा,ब्रजेष विष्वकर्मा, रवि विष्वकर्मा सहित बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।



**भजनों पर थिरके श्रध्दालु -** शहर सहित अंचलों से शोभायात्रा में शामिल हुए सैकड़ों युवा डीजे पर चल रहे भजनों की धुन पर झूमते नजर आए। शोभा यात्रा की अगवानी डीजे सहित विभिन्न बाजयंत्रो से की जा रही थी। शोभयात्रा के प्रथम चरण में युवा अपने हाथां मे केसारिया ध्वज लेकर चल रहे थे। साथ ही महिलाए भजनों की धुन पर संगीतमय संकीर्तन करते हुए कतारबद्ध रूप से चल रही थी वही शोभायात्रा का अनेक जगह सामाजिक राजनीतिक धार्मिक संगठनों के द्वारा पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया





## नगर में धूमधाम से निकाली गई साईं बाबा की पालकी यात्रा

**आर,एस रजक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**भिण्ड**–नगर में शुक्रवार को हनुमान मंदिर परिसर से भव्य साईं पालकी यात्रा निकाली गई पालकी यात्रा में आगे-आगे आस्था और पीछे श्रद्धा से लबरे? सैकड़ों साईं भक्त कदम से कदम मिलाए बैण्डबाजे और डीजे के साथ-साथ सज-धजकर चल रहे-घोड़े और विभिन्न वाहनों के साथ सैकड़ों साईं भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. फूलों से सजी और खुशबू से महकती अनंत सद्गुरू श्री साईंनाथ महाराज की पालकी यात्रा में हर ओर जय साईंनाथ-जय साईंनाथ के जयकारों की बोल गूंजते रहे भक्त पालकी पर फूलों की वर्षा कर रहे थे जगह-जगह आरती उतारी गई नगर में दूसरी बार निकाली गई श्री साईंनाथ महाराज जी की पालकी यात्रा में भक्तों में काफी उत्साह दिखा. हनुमान मंदिर परिसर से सुबह 08 बजे प्रारंभ हुई पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से सुभाष तिराहा होते हुए फिर साईं मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई जहां साईं बाबा का भक्ति भाव से प्राण प्रतिष्ठा किया गया पालकी यात्रा में आयोजक रामौतार लखेरे, सुनील लखेरे, सुशील लखेरे, शैलेष सेंगर, रवि कनैरिया, वासु तोमर, आदि शामिल थे

## नवागत कलेक्टर निकले शहर के भ्रमण पर व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**राकेश परिहार रिपोटर पिछोर**



शिवपुरी जिले के नवागत कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने शुक्रवार की सुबह शिवपुरी शहर का भ्रमण किया। कलेक्टर टीम के साथ शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए निकले और व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया और वहां गीले और सूखे कचरे के निपटान के संबंध में नगर पालिका सीएमओ से चर्चा की और कहा कि यहां कचरे का निष्पादन सही ढंग से होना चाहिए। यदि टीम को कहीं प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो टीम को भेजकर प्रशिक्षण दिलवाओ। यहां वृक्षारोपण कराओ। शहर की स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण है। जरूरत पड़ने पर कचरा एकत्रित करने के लिए गाड़ी भी बढ़ाओ।कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने पटेल पार्क, तात्या टोपे पार्क सहित पूरे शहर का भ्रमण किया। पटेल पार्क में शहरवासियों से चर्चा की। पटेल पार्क की तरह ही तात्या टोपे पार्क को भी विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब वार्डवार जिलाधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। जिससे अधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। इसके अलावा विभिन्न व्यापारिक संगठन, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि के साथ भी बैठकर चर्चा करेंगे कि किस प्रकार शहर की व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जा सकता है। स्वच्छता अभियान में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि शिवपुरी शहर स्वच्छ बनेगा तो यहां के नागरिकों के साथ ही बाहर से आने वाले लोगों के लिए भी एक पहचान बनेगा। उन्होंने भ्रमण के दौरान माधव चौक के आसपास क्षेत्र में भी साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान एसडीएम गणेश जायसवाल भी उनके साथ मौजूद थे।

## मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है - प्रह्लाद भारती

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–लिटिल एंजिल स्कूल पुरानी शिवपुरी के मेधावी छात्रों के पुरुस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक व उपाध्यक्ष म.प्र पाठ्य पुस्तक निगम राज्यमंत्री दर्जा श्री प्रह्लाद भारती जी द्वारा विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए नसीहत देते हुए कहा कि आप अपना निर्धारित लक्ष्य तय कर उसमें पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव के साथ आगे बढ़ें और प्रधान मंत्री जी की भांति अपना लक्ष्य के प्रति एकाग्रता से जुट कर प्रयास करें और देश-समाज के लिए काम आयें !उक्त कार्यक्रम में ही महिला सशक्तीकरण जागरूकता अभियान के तहत महिला पुलिस द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया, जिसमें डी एस पी श्री प्रशांत शर्मा, महिला थाना प्रभारी श्रीमती कोमल सिंह परिहार एवं देहात थाना से महिला उपनिरीक्षक श्रीमती सावित्री लकडे तथा विकास शर्मा भी उपस्थित रहे! संस्था के प्राचार्य रविंद्र कुलश्रेष्ठ ने ऐसे कार्यक्रम करने पर पुलिस विभाग की सराहना की एवं अतिथियों का धन्यावाद व्यक्त किया!



## इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) शिवपुरी द्वारा आज शुक्रवार को संस्था परिसर में इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग (आईएफएफडी) शिवपुरी के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थीयो को फैशन और टेक्सटाइल डिजाइन की जानकारी दी गई।

इस वर्कशॉप के दौरा-न आईएफएफडी के संचालक नीरेस सेन द्वारा प्रशिक्षणार्थीयो को लेटेस्ट फैशन डिजाइनिंग तकनीक, स्टिचिंग और एम्ब्रायडरी की जानकारी दी गई और लाइव डेमो प्रेजेंटेशन भी दिया। एक फैशन डिजाइनर के लिए अवसर प्लेसमेंट सुविधा, संसाधन और स्वरोजगार की विस्तृत जानकारी आईएफएफडी की सम्पूर्ण टीम ने स्टूडेंट्स को दी। इस वर्कशॉप में 49 प्रशिक्षणार्थीयो ने भाग लिया एवं स्वयं के द्वारा प्रैक्टिस भी कर के देखी।प्राचार्य नितिन कुमार मंदसौरवाले ने इस तरह के आयोजन के लिए प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप सेल को बधाई दी और भविष्य में भी इस तरह की वर्कशॉप करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण अधिकारी दिलीप वर्मा एवं शशांक मित्तल ने वर्कशॉप को सफल बनाने के लिए आईएफएफडी की टीम, समस्त आईटीआई स्टाफ और सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। ज्ञातव्य है कि प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप सेल आईटीआई शिवपुरी द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षणार्थीयो के हित में इंडस्ट्री विजिट, प्लेसमेंट ड्राइव अप्रेंटिसशिप ड्राइव, वर्कशॉप इत्यादि गतिविधियों करायी जाती रही है।

## अनुपयोगी बोलेरो की नीलामी हेतु सीलबंद निविदायें 14 फरवरी तक आमंत्रित

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– जिला कार्यालय कलेक्टर शिवपुरी के निष्प्रयोजित अनुपयोगी वाहन महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा बोलेरो की नीलामी हेतु सीलबंद निविदायें 14 फरवरी को कार्यालयीन समय में आमंत्रित की गई है। उक्त घोष विक्रय हेतु गठित समिति के समक्ष 15 फरवरी को दोपहर 2 बजे तक नीलामी की जाएगी। निविदा फार्म के लिए निर्धारित शुल्क 1 हजार रुपए रहेगा। डिप्टी कलेक्टर अंकुर रवि गुप्ता ने बताया कि जिस किसी को इस घोष विक्रय में उपस्थित होना हो वह निर्धारित शर्तों के अधीन उपस्थित हो सकता है। नीलामी होने वाले महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा बोलेरो वाहन का क्रय वर्ष 2014 एवं अपसेट मूल्य 80 हजार रुपए है। वाहन की नीलामी प्रभारी अधिकारी नजारत शाखा शिवपुरी के द्वारा संचालित की जाएगी। अधिक जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। वाहन का निरीक्षण कार्यालय स्थल पर कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।

## प्रतिमाह की 7, 8 एवं 9 तारीख को होगा अन्य उत्सव का आयोजन



**राकेश परिहार रिपोर्ट पिछोर–**

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत प्रति माह की 07 08 एवं 09 तारीख को ÷अन्न उत्सव÷ का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 7, 8 एवं 9 फरवरी को राष्टीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर नि शुल्क खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जायेगा।जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री के दौरान नियुक्त नोडल अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व दीनदयाल अन्त्योदय समिति के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। पात्र हितग्राहियों से अपील है कि पात्रता अनुसार निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करें तथा ई.के.वाय.सी. तथा मोबाइल सीडिंग भी कराए जिससे नियमित रूप से खाद्यान्न प्राप्त हो सके।

## भाजपा गोहरापदर की मंडल कार्यसमिति बैठक संपन्न,कार्यकर्ताओं से मिलने पहुँचे ज़िला प्रभारी एवं सहप्रभारी



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर की कार्यसमिति बैठक मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी के निवास कार्यालय में संपन्न हुई. बैठक में प्रमुख रूप से संगठन द्वारा चलाए जा रहे मोर आवास मोर अधिकार,अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई एवं इन कार्यक्रमों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का आग्रह किया गया.पार्टी की मजबूती के लिए विशेष चर्चा की गई।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष,ज़िला प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले समय में और तेज़ी और मज़बूती के साथ कार्य करने की आवश्यकता है आने वाले वर्ष 2023 में हमें विधानसभा के चुनाव में जाना है इस वजह से आने वाले एक वर्ष महत्वपूर्ण है.एवं प्रदेश की जन विरोधी कांग्रेस सरकार के काले चिट्ठे को भी जनता के बीच रखना ज़रूरी है क्योंकि भूपेश सरकार प्रदेश को खोखला करने में लगी हुई है.भाजपा प्रदेश मंत्री एवं ज़िला सहप्रभारी ने कहा कि हम वर्तमान में संगठन के विभिन्न कार्यों को बड़े तेज़ी से कर रहे हैं परंतु इससे भी तेज गति से हमें कार्य करने की ज़रूरत है भाजपा के एक कार्यकर्ता सौ कार्यकर्ताओं के बराबर है और हमें अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग आने वाले विधानसभा चुनाव मे करना है,सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ मे डटे रहे और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाये साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को आमजन को बतलायें।बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी,ज़िलाध्यक्ष राजेश साहू,अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन सिंह ध्रुवा,किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बोधनराम नायक,भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ.योगीराज माखन कश्यप,अजजामोर्चा ज़िला महामंत्री चैनसिंह कश्यप,पि.व.मोर्चा जिला उपाध्यक्ष केनुराम यादव,महामंत्री व्दय तानसिंह मांझी,मोहित यादव,शोभित ध्रुवा,जय अवस्थी,लम्बोदर साहू,ठेलुराम कश्यप,महेंद्र सोमवंशी,प्रेमसिंह माँझी,विनीता यादव,दीपक सागर,प्रकाश कश्यप,गणेश नागेश,खुदेश्वर यादव,पदमन नागेश,वरुण नायक,दीपक मिश्रा,सुरेंद्र राजपूत,तुलसी सेन,हेमराज माँझी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से शुरू होगा लाड़ली बहना योजना के आवेदन लेने का कार्य :मुख्यमंत्री श्री चौहान

### सिंगल क्लिक से 73 लाख किसानों के खाते में 1465 करोड़ की राशि अंतरित 80 करोड़ 97 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बहनों के लिये शुरू की जा रही लाड़ली बहना योजना के आवेदन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से लेना प्रारंभ किये जायेंगे। योजना में गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपये की राशि उनके खाते में अंतरित की जायेगी। हितग्राहियों को चिन्हित करने के लिये गाँव-गाँव और वार्डों में जाकर आवेदन भरवाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने महिलाओं से आहवान किया कि वे योजना में मिलने वाली राशि का उपयोग परिवार को मजबूत बनाने में करें।मुख्यमंत्री श्री चौहान आज विदिशा में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में भोपाल, सागर और उज्जैन संभाग के 24 लाख 94 हजार से अधिक हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र का वितरण कर रहे थे। मुख्यमंत्री की चौहान ने प्रदेश के 73 लाख किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना की राशि एक हजार 465 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित की। साथ ही 80 करोड़ 95 लाख 21 हजार रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। कन्या-पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं अपनी बहनों की जिन्दगी को आसान बनाना चाहता हूँ। पूर्व से संचालित योजनाओं के साथ अब लाड़ली बहना योजना मेरी बहनों की जिन्दगी को सँवारेगी। योजना में मिलने वाली राशि से महिलाएँ अपने बच्चों के लिए दूध, फल और सब्जी की व्यवस्था कर सकेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने हमारी बहुत सी जन-कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था, वे सभी योजनाएँ पुनः शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कहीं नहीं हुआ वह मध्यप्रदेश में हुआ है और जो किसी ने नहीं किया वह आपका भाई शिवराज करेगा।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान से प्रदेश में 83 लाख ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया गया, जो शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की पात्रता रखते हैं। इन सभी नागरिकों को 38 विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित करने स्वीकृति-पत्र वितरण का कार्य प्रदेश में चल रहा है। आज भोपाल, सागर और उज्जैन संभाग के 24 लाख 94 हजार से अधिक हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र का वितरण हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 5 फरवरी से प्रदेश में शुरू हो रही विकास यात्रा में भी छूटे हुए लोगों को योजनाओं से जोड़ने का काम किया जायेगा। हमारा संकल्प है कि कोई भी पात्र परिवार योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार हैं। पूर्व सरकार ने किसानों के साथ जो छल किया, उसे सुधार करते हुए हमने सरकार में आते ही फसल बीमा की राशि भरी और किसानों को फसल बीमा की राशि दिलाई। उन्होंने कहा कि पिछले सवा 2 साल में हमारी सरकार ने फसल बीमा, राहत राशि उद्यानिकी, सोलर पंप और बिजली सब्सिडी जैसी अनेक योजनाओं में 2 लाख 25 हजार 837 करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले हैं। यह सहयोग निरंतर जारी रहेगा। किसान परिवार के घर में अभी तक 6 हजार रूपये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और 4 हजार रूपये मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना के प्राप्त हो रहे थे। अब इन किसान परिवारों को 12-12 हजार रूपये लाड़ली बहना योजना के भी मिलेंगे। इस प्रकार एक साल में किसान परिवार को 22 हजार रुपये वार्षिक मिलना शुरू होंगे। उन्होंने




बताया कि लाड़ली बहना योजना में हर साल 12 हजार करोड़ रुपये और 5 साल में 60 हजार करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों के कल्याण और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिये अनेक योजनाएँ चला रही हैं। गरीब के लिए राशन, पढ़ाई, दवाई और आवास की व्यवस्था के लिये महायज्ञ किया जा रहा है। भू-माफियाओं से शासकीय जमीन छुड़वा कर गरीबों के आवास बनाये जा रहे हैं। आयुष्मान योजना में कार्डधारी परिवारों को एक साल में 5 लाख रुपये तक की उपचार सुविधा भी दी जा रही है। लाड़ली लक्ष्मियों और गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों की उच्च शिक्षा की फीस भी राज्य सरकार द्वारा भरी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक लाख 14 हजार सरकारी नौकरी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शिक्षक वर्ग में महिलाओं को 50 प्रतिशत और पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। महिलाओं के लिए विशेष आरक्षण व्यवस्था होने से पंचायत एवं नगरीय निकायों में बड़ी संख्या में चुन कर आई महिला जन-प्रतिनिधि अच्छा कार्य कर रही हैं।प्रदेश में विकास का श्रेय किसी को जाता है तो वो है मुख्यमंत्री श्री चौहान –केन्द्रीय मंत्री श्री तोमरकार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े केन्द्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश विकास के मार्ग पर चल पड़ा है। मध्यप्रदेश की सरकार गाँव, गरीब और किसान को समर्पित है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हर गरीब के आँसू पोछने का कार्य किया है। हर गाँव में विकास की रोशनी पहुँचायी है। मध्यप्रदेश आज बीमारू राज्य नहीं बल्कि एक विकसित राज्य की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। विकास की इस गाथा में किसी एक व्यक्ति को श्रेय दिया जाना हो तो निःसंदेह उसका श्रेय मुख्यमंत्री श्री चौहान को जाता है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गरीबी उन्मूलन, कुपोषण, गरीब बेटियों के विवाह और जिनका कोई नहीं है उनके लिये संबल जैसी अभूतपूर्व योजनाएँ बना कर और सफलता से क्रियान्वित कर जरूरतमंदों को लाभान्वित किया है। आज प्रदेश बिजली, पानी, सड़क के साथ जैविक खेती में भी अग्रणी है। विश्व के उद्योगड़पतियों के लिये प्रदेश में सबसे अधिक अनुकूल माहौल है। मुख्यमंत्री के निवेश को बड़ाने के प्रयास सराहनीय है।केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान का जन्म तो सीहोर जिले के जैत में हुआ है लेकिन उनकी आत्मा विदिशा में बसती है। विदिशा सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों का जो प्यार और आशीर्वाद उन्हें मिला है, उसी से आज श्री चौहान मध्यप्रदेश के सबसे लाड़ले और जनप्रिय नेता है। श्री तोमर ने मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान की सफलता के लिये मुख्यमंत्री श्री चौहान को बधाई और शुभकामनाएँ दी।जिले के 2 लाख 68 हजार 899 हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की **दूसरी किश्त की राशि**–इस मौके पर शिवपुरी जिले के 2 लाख 68 हजार 899 हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से दूसरी किश्त की राशि अंतरित की गई। इस प्रकार अभी तक किसानों के खाते में कुल 5वीं किश्त का भुगतान किया जा चुका है। इस अवसर पर एनआईसी वीडियों कॉफेसिंग हॉल में अपर कलेक्टर विवेक रघुवंशी सहित हितग्राहिगण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# 05 फरवरी से प्रारंभ विकास यात्रा को लेकर कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासन की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं योजना के प्रति जनजागरूकता के लिए 05 से 25 फरवरी 2023 तक विकास यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विकास यात्रा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में भ्रमण करेगी। विकास यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी देने आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित रथ भी ग्रामों का भ्रमण करेगा। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले के सभी अधिकारियों की बैठक लेकर विकास यात्रा के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विकास यात्रा के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करें। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल करना है। सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायत के सीईओ अपने क्षेत्र के लिए विकास यात्रा का रूट तय कर लें। इसमें यह निर्धारित करें कि विकास यात्रा किस तिथि को किस गांव से प्रारंभ होगी और किन-किन ग्रामों का भ्रमण कर कहां पर रात्री विश्राम करेगी। विकास यात्रा में आम जन एवं शासन की योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों की शत प्रतिशत भागीदारी होना चाहिए। विकास यात्रा जिन ग्रामों से गुजरेगी वहां पर विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी कराये जायें। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत जिन लोगों को शासन की योजना से लाभ दिलाने के लिए चिन्हित किया गया है ऐसे हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाये। जिन हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल चुका उनसे उन्हें लाभ का आम जन के समक्ष बखान कराया जाये।विकास यात्रा के दौरान किसानों, मछुआरों, पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, मछुआरों का बीमा कराये जाने का पत्रक, बच्चों के जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य योजनाओं के स्वीकृति पत्रों का वितरण एवं स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड वितरण करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार राजस्व विभाग को ग्राम बी-1 का वाचन, फौती, नामांतरण, भू-अधिकार पट्टा वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के किसानों का सत्यापन, ऋण पुस्तिका वितरण करने के निर्देश दिये गये। आदिवासी बाहुल्य विकासखंड बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा में पेसा एक्ट के संबंध में आम जन को जागरूक करने के निर्देश दिये गये। श्रम विभाग को संबल योजना के अंतर्गत सहायता राशि एवं विवाह सहायता राशि के प्रमाण पत्र वितरित करने, पशुपालन विभाग को उन्नत नस्ल के पशुओं एवं सीमेन सार्टेड पद्धति से जन्में उन्नत नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन करने के निर्देश दिये गये।सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे विकास यात्रा के लिए प्रत्येक गांव की कार्ययोजना तैयार करें और यात्रा के दौरान प्रतिदिन की रिपोर्टिंग करें। कृषि विभाग को यात्रा के दौरान जैविक खेती के प्रति जागरूकता के लिए किसानों से संगोष्ठी करने एवं आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर लगाने के निर्देश दिये गये। पशु चिकित्सा विभाग को बड़े गावों में पशु उपचार शिविर लगाने के निर्देश दिये गये।



# डीईओ श्री उपाध्याय ने किया शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा एव एनएसएस कैंप का औचक निरीक्षण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय के द्वारा शास.मॉडल स्कूल बिरसा का औचक निरीक्षण किया गया । श्री उपाध्याय द्वारा निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, विशेष रेमेडियल कक्षाओं का संचालन, डेली डायरी एवं पाठ्यक्रम पंजी सहित रिकार्ड्स का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सौरभ कुमार शर्मा के भोपाल में आयोजित प्रशिक्षण में सम्मिलित होने की सूचना संस्था प्रभार में उपस्थित उ.मा.शि. जयप्रकाश यादव द्वारा दी गई। निरीक्षण काल में विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए।सायंकालीन असेंबली के दौरान सभी विद्यार्थियों से उनके अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम को लेकर चर्चा की गई। वार्षिक परीक्षा को लेकर उनकी तैयारी हेतु आवश्यक टिप्स दिए गए एवं शाला के पूर्व वर्षों के परीक्षा परिणाम को और बेहतर करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।जिला शिक्षा अधिकारी को जानकारी दी गई कि विद्यालय का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप ग्राम चिचगांव में लगा है। समय अधिक हो जाने के बावजूद उनके द्वारा कैंप का निरीक्षण सह भ्रमण के लिए विद्यालय द्वारा किया गया आग्रह स्वीकार कर लिया गया। ग्राम चिचगांव में लगे कैंप में जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय का स्वागत एनएसएस प्रभारी उम्मेद केलकर एवं विद्यार्थियों द्वारा पुष्पगुच्छ से उत्साहपूर्वक किया गया। कैंप में श्री उपाध्याय के द्वारा विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने तथा समाज सेवा के कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप आशीर्वचन दिया गया। सभी विद्यार्थियों, संस्था के शिक्षकों में जयप्रकाश यादव, राजेश कुमार धुर्वे, सतीश कुमार गजभिये, पुष्पेन्द्र कुमार पालके, राजेश कुमार राहंगडाले, श्रीमति मंजुलता पटले एवं समस्त अतिथि शिक्षक साथियों द्वारा विद्यालय परिवार को प्रोत्साहित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय को धन्यवाद प्रेषित किया गया।



**समथर्न मूल्य पर किसानों की धान खरीदी का नहीं हुआ भुगतान**

# 2 से 3 दिनो मे हो जायेगा भुगतान हिरेन्द्र रघुवंशी डीएमओ बालाघाट

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

जिले की सहकारी समितियों द्वारा 28 नवंबर 2022 से 16 जनवरी 2023 तक समथर्न मूल्य पर किसानों की धान खरीदी की गई किन्तु कुछ किसानों के खातों में आज पर्यन्त तक समर्थन मूल्य की राशि जमा नही हो पाई है। जिसको लेकर किसानों मे आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में लांजी विकासखण्ड की सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी के प्रबंधक ने जानकारी मे बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पालडोंगरी पंजीयन क्रमांक 562 के उपार्जन केन्द्र में किसानों द्वारा धान विक्रय किया गया है जिसमे कृषको के भुगतान के ईपीओ जारी हुये किन्तु कुछ कृषकों के भुगतान असफल होने के कारण पुन~ ईपीओ जारी होने पर भी कृषकों का भुगतान असफल हो रहा है। उन्होने बताया की उपार्जन केन्द पालडोंगरी के 35 किसानों का लगभग 30 लाख 44 हजार 980 रूपये भुगतान होना है। इस संबंध में किसानों की जानकारी जिला विपणन अधिकारी बालाघाट को प्रेषित की गई है। इसी प्रकार क्षेत्र के अन्य उपार्जन केन्द्रों से भी जानकारी मिली है कि कुछ किसानों के खातों में अब तक राशि का भुगतान नही हो पाया है।

**मेरे खाते मे नही आई समर्थन मूल्य की राशि-** सुनील उमरे उक्त संबंध मे कृषक सुनील कुमार उमरे ने जन सुनवाई के माध्यम से कलेक्टर महोदय को पत्र लिखकर शिकायत प्रेषित की है कि उसके द्वारा 14 दिसंबर 2022 को 293.6 क्विंटल धान सेवा सहकारी केन्द्र पालडोंगरी बिक्री की है जिसकी राशि 5 लाख 98 हजार 944 रूपये अब तक खाते मे प्राप्त नही हुये है। उक्त शिकायत की जांच की जाकर मुझे राशि प्रदाय की जाये।

**2 से 3 दिनो मे हो जायेगा भुगतान-** हिरेन्द्र रघुवंशी डीएमओ उक्त राशि भुगतान संबंधी प्रकरण में जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी से चर्चा की गई तो आपने बताया की जिले मे लगभग 12 हजार किसान थे जिनके खातों राशि भुगतान को लेकर परेशानी हुई थी, आधार लिंक नही होने के कारण यह दिक्कते आई है अब लगभग 97 प्रतिशत किसानों को भुगतान हो चुका है, 3 प्रतिशत किसान बचे है, 2 से 3 दिनों में सभी किसानो के खातो में भुगतान हो जायेगा।



# विदेश में अध्ययन के लिए शुभम कटरे को मिली 27 लाख रुपये की छात्रवृत्ति



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश शासन द्वारा बालाघाट जिले के युवा शुभम कटरे को विदेश में अध्ययन के लिए 27 लाख रुपये की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है। शुभम इस छात्रवृत्ति के स्वीकृत होने से बहुत खुश है और कहता है कि यदि उसे प्रदेश शासन से यह छात्रवृत्ति नहीं मिलती तो उसका विदेश में अध्ययन करने का सपना अधूरा रह जाता। इसके लिए उसने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया है।बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील के ग्राम मंगेझरी के निवासी शुभ्म कटरे ने भोपाल की एसआरएम यूनिवर्सिटी से बी-टेक किया है। इसके बाद उसका चयन यूके की लिसेस्टर यूनिवर्सिटी में अध्ययन के लिए हो गया। लेकिन यूके में जाकर रहना और पड़ाई करने का खर्च वहन करने में उसका परिवार सक्षम नहीं था। अन्य पिछड़ा वर्ग से होने के कारण शुभम ने अन्य पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। जिसमें उसका चयन हो गया और उसे वर्ष 2021-22 में 27 लाख 90 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मंजूर की गई है। इस छात्रवृत्ति में शुभम के यूके में रहने-खाने, शिक्षण शुल्क, हवाई किराया एवं स्वास्थ्य बीमा का खर्च शामिल है। शुभम इस छात्रवृत्ति से यूके की लिसेस्टर यूनिवर्सिटी में एडवांस इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में एम.एससी. की पड़ाई कर रहा है। शुभम को पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति मंजूर कराने में सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण कल्याण एवं निरीक्षक का सराहनीय योगदान रहा है।

## खेलो इंडिया: दर्शकों के वाहन यातायात क्रेन उठा ले गई

ग्वालियर। खेलो इंडिया के आयोजन कंपू खेल परिसर में आयोजित हो रहे हैं और स्थानीय लोग आयोजन में शिरकत भी कर रहे हैं। लेकिन ट्रेफिक पुलिस के वाहन खेलो इंडिया के आयोजन देखने आने वालों के वाहन ही उठाकर ले जाते हैं, जिससे दर्शक बेवजह परेशान हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक आज खेलो इंडिया के व्यापक प्रचार प्रसार से आयोजन देखने काफी लोग पहुंचे। इन लोगों ने वाहन पार्किंग फुल होने पर अपने वाहन बाहर पार्क कर दिये।

# जल संरक्षण की दिलाई शपथ नशा मुक्ति अभियान में हुआ सम्मान




**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन पर नवांकुर संस्था बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुडिया में जल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य राजेंद्र पटेल ने छात्र छात्राओं को जल के महत्व के बारे में बताया कहा कि मनुष्य जल के बिना जीवित नहीं रह सकता। हमें बारिश के पानी को भी जमा करना चाहिए। बारिश के पानी को बचाने से ही भूजल स्तर में सुधार होगा। हम सभी को मिलकर मजबूती से यह प्रयास करना चाहिए। शिक्षक जय कुमार जैन ने जल को बचाने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात नशा मुक्ति अभियान के तहत निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता के 40 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से शाला के शिक्षको द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अनुराग गौतम, निर्मल राठौर, शीतल रजक, रामदीन पटेल के साथ शाला परिवार वा छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

**पद्म श्री राम सहाय पांडे के मुख्य आतिथ्य में हर घर जल का हुआ शुभारंभ**

# स्मार्ट गांव पडरिया थोबन में भारत सरकार के जल जीवन मिशन अंतर्गत जल निगम के माध्यम से हर घर जल का उद्घाटन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2024 तक हर घर में पाइप लाइन द्वारा नल से पानी पहुंचे।उसी तारतम्य में जबेरा ब्लॉक के ग्राम पड़रिया थोबन में सतधरू पेयजल परियोजना से हर घर जल की शुरुआत हुई,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूरे विश्व मे बुंदेलखंड की राई लोकनृत्य को पहुंचाने वाले पद्म श्री सम्मान से सम्मानित राम सहाय पांडे उपस्थित रहें तो वही जल निगम के महा प्रबंधक डीके जैन ने जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम की शुरुआत में गांव की अमृत क्लास की बच्चियों द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई एवं गांव के ही कलाकारों के द्वारा राई लोकगायन की प्रस्तुति दी गई एवं गांव की ही युवती स्वाति वाजपेयी ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला।गांव में हर घर जल पहुंचने से पूरे गांव में काफी उत्साह देखा गया एवं बच्चियों के द्वारा गांव में जगह जगह रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम का आभार अनुज वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सागर से संतोष पांडे,सांसद प्रतिनिधि,रूपेश सेन ,जल निगम से मनोज श्रीवास्तव एवं सीपी डॉ मनोज राज,सरपंच मूरत सिंह, जुगल शर्मा,सहारा ठाकुर , आईएसए सृजन संस्था से वैभव चौरसिया, अजय मिश्रा,रत्नेश डिम्हा, पायल रैकवार,उप सरपंच अंशुल वाजपेयी ,अर्जुन वाजपेयी ,विनोद वाजपेयी ,राजेंद्र बर्मन,अजय वाजपेयी ,परसोत्तम बर्मन,लालू वाजपेयी,जबेरा महाविद्यालय का स्टाफ एवं छात्र छात्राएं सहित ग्रामवासियों कि उपस्थिति रही।



# ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में बाइक में सवार 3 लोगों में 2 लोगों की मौत, एक हुआ घायल दमोह जिला अस्पताल में इलाज जारी

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत शहर के राजनगर तालाब के समीप ट्रैक्टर कि टक्कर लगने से शराब पिए बाइक में सवार 3 लोगों में 2 की घटनास्थल पर ही मौत हो जाने का दुखद घटनाक्रम हुआ तो वहीं एक्सीडेंट में एक की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए 108 के द्वारा दमोह जिला अस्पताल लाया गया। जिसका उपचार जारी है यह दर्दनाक हादसा शुक्रवार शाम का बताया गया सम्पूर्ण घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोगों ने तत्काल ही 108 सेवा एवं 100 डायल और पुलिस को सूचित किया जिससे मौके पर 108 एवं हंड्रेड डायल सहित पुलिस पहुंची और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। बताया गया है कि छतरपुर जिले के पाली निवासी नरेंद्र पिता गोरे आदिवासी उम्र 20 वर्ष, छोटू राजेंद्र आदिवासी पिता बब्बू आदिवासी उम्र 20 वर्ष और हल्ले रैकवार उम्र 23 वर्ष नरेंद्र आदिवासी के साथ दमोह एरोरा पुत्र को देखने आए थे जहां जिला अस्पताल दमोह से ससुराल एरोरा गांव जा रहे थे।तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 34 ए 9417 से भि? गया और बाइक में सवार छोटू और हल्ले की घटनास्थल पर ही मौत हो गई मृतक के शरीर से सिर का हिस्सा अलग हो गया,तो दूसरे को गंभीर चोटें आने पर घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सम्पूर्ण जानकारी जिला अस्पताल आए घायल नरेंद्र आदिवासी ने दी कि छोटू और हल्ले ने शराब पिला दी थी, जिससे बाइक ने तेज रफ्तार पकडी और ट्रैक्टर से भिड़ गई जिससे यह घटना घटित हुई है।पुलिस पूरे घटना की जांच कर रही है और घायल का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

# श्री बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के सदस्य बाइक रैली से पहुंचेंगे बागेश्वर धाम




**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** श्री बागेश्वर धाम सरकार सनातन धर्म, गौ, गंगा, गायत्री, गीता, रामायण और परम पूज्य बागेश्वर धाम सरकार हिन्दू राष्ट के संकल्प को लेकर एक बाइक रैली दमोह के अस्पताल चौराहा से बागेश्वर धाम सरकार शिष्य मंडल का एक समूह श्री बालाजी सरकार के दर्शनों के लिए दमोह से छतरपुर जिले के ग्राम गड़ा धाम जा रहा हैं। जो दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों से आगामी 5 फरवरी 2023 दिन रविवार को सुबह 8 बजे दमोह के अस्पताल चौराहा से रैली को प्रारंभ करके नरसिंहगड़, बटियागड़, बक्स्वाहा, हीरापुर, बड़ा मलहरा, छतरपुर होते हुए ग्राम गड़ा धाम पहुंचेगी। मंडल के सदस्यों ने सभी शहर वासियों से आह्वान किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर पुण्य लाभ लेवे एवं दर्शन उपरांत यह रैली 5 फरवरी 2023 कि शाम को दमोह वापिस आ जायेगी।

# बसपा पार्टी कि नगर कार्यकारिणी घोषित

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा जिला स्तरीय बैठक ब?पुरा स्थित कार्यालय में आयोजित हुई जिसमें आने वाले समय में पार्टी के कार्यक्रम कि रूपरेखा बनाई गई। इसके पूर्व बहुजन महापुरुष के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।सर्वप्रथम बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजी गोवर्धन राज, विधानसभा अध्यक्ष नीलेश अठया, संदीप चौधरी अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी शहर दमोह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा बहुजन समाज पार्टी का एजेंडा ही संविधान पर आधारित है जिसमें सभी वर्गों का हित समाहित है पार्टी सभी वर्ग के विकास की बात करती है जो संविधान में निहित है साथ ही संदीप चौधरी अध्यक्ष नगर बसपा ने रमाकांत पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी की सहमति से एवं जिला प्रभारी अरविंद बौद्ध,मुकेश अहिरवार दमोह प्रभारी, रामबाई सिंह परिहार विधायक,आसाराम चौधरी जॉन प्रभारी जिला अध्यक्ष गोवर्धन राज, सुरेश छाब?ा की अनुशंसा पर नगर कार्यकारिणी में संदीप शर्मा उपाध्यक्ष, ऋषभ नायक महासचिव, लकी तंतुवाय सचिव के पद पर मनोनीत किया बैठक में उपस्थित सुरेंद्र चौधरी, देवेंद्र चौधरी, मनोज मंडेलिया,गोलू जाटव,सुरेंद्र अहिरवार, सूर्या अहिरवार आदि सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।



## अजय जाटव बने कांग्रेस एस.सी. सेल के जिलाध्यक्ष

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोरिया एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय कमलनाथ द्वारा अनुसूचित जाति विभाग म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने विधायक अजय टंडन एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन की अनुशंसा पर युवा जुझारू अजय जाटव को अनुसूचित जाति विभाग का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है वह जिले के अनुसूचित जाति वर्ग को कांग्रेस की रीति नीति से अवगत करायेगें।इस अवसर पर मनु मिश्रा गौरव पटेल, वीरेन्द्र राय, सतीश जैन, वीरेन्द्र दबे, भगवानदास चौधरी, मानक पटैल, प्रदीप पटैल, लालचंद राय, भूपेन्द्र आजमानी, वीरेन्द्र ठाकुर, राजा राय, नितिन मिश्रा, अजय सरवरिया, अरविन्द अवस्थी, लकी खटीक, खिल्लू ठाकुर सहित जिले के समस्त कांग्रेसजनों ने बधाई दी।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 168 रन से हराकर जीती श्रृंखला

## ● शुभमन गिल का टी20 में पहला शतक

**भाषा** । अहमदाबाद



अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के विरुद्ध शतक लगाने के बाद उत्साहित शुभमन गिल

**भारत** ने शुभमन गिल के टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहले (नाबाद 126 रन) शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से हराकर रनों के हिसाब से इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत दर्ज कर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। भारत ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत आयरलैंड के खिलाफ (143 रन से) 2018 में डबलिन में हासिल की थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के दो पूर्णकालिक देशों के बीच रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत है। गिल ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को चारों ओर पीटते हुए अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी।

उन्होंने महज 63 गेंद में 12 चौके और सात छक्के जमाए जिससे भारत ने चार विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। गिल का भारतीय बल्लेबाजों में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे बड़ा स्कोर भी है। गिल ने इस मामले में पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ा। कोहली ने पिछले साल अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन की पारी खेली थी। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 12.1 ओवर में 66 रन ही बना सकी। उसके लिए डेरिल मिचेल 35 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। केवल एक अन्य बल्लेबाज मिचेल सैंटनर (13 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

भारत के लिए कप्तान और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या (16 रन देकर चार विकेट) ने अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया। उनके अलावा अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक और शिवम मावी ने दो दो विकेट झटके। गेंदबाजों का क्षेत्ररक्षकों ने भी पूरा साथ दिया और कैच करने के किसी भी मौके को बर्बाद नहीं किया जिसमें सूर्यकुमार यादव ने तीन कैच लपके। न्यूजीलैंड को शुरुआती झटका पहले ही ओवर में लगा जब सलामी बल्लेबाज फिन एलेन भारतीय कप्तान हार्दिक की गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने शानदार कैच लपक लिया। अर्शदीप सिंह ने दूसरे ओवर में डेवोन कॉनवे और मार्क चैपमैन को आउट कर न्यूजीलैंड को दो झटके दे दिए जिससे उसका स्कोर तीन विकेट पर पांच रन था। अब टीम की उम्मीदें ग्लेन फिलिप्स (02 रन) पर लगी थीं लेकिन वह भी टीम की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके और तीसरे ओवर में हार्दिक का दूसरा शिकार हुए।

उमरान मलिक ने अपने पहले ही ओवर में माइकल ब्रेसवेल (08) को बोल्ड कर दिया जिससे पांचवें ओवर में 21 रन पर न्यूजीलैंड की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। शिवम मावी के पहले ही ओवर में मिचेल सैंटनर (13) और ईश सोढ़ी को चलता किया। फिर हार्दिक ने लॉकी फर्ग्यूसन और ब्लेयर टिकनर को आउट कर अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया। उमरान मलिक के ब्रेसवेल को आउट करते ही भारतीय टीम ने रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत इतनी अच्छी नहीं रही और मिचेल सैंटनर ने माइकल ब्रेसवेल को दूसरा ओवर देकर मास्टर स्ट्रोक खेला। इस ऑफ स्पिनर ने भी अपने कप्तान के भरोसे पर खरा उतरते हुए ओवर की दूसरी गेंद पर ईशान किशन को पगबाधा आउट कर दिया। फॉर्म में चल रहे गिल ने अगले ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन पर दो चौके जड़े। उन्होंने हिट, ड्राइव और पुल शॉट से दर्शकों के लिए मनोरंजन दोगुना कर दिया। गिल ने पांचवें ओवर में ब्लेयर टिकनर पर तीन चौके जड़े जिससे स्कोर एक विकेट पर 44 रन हो गया। युवा राहुल त्रिपाठी (22 गेंद में 44 रन) ने भी तेज लय जारी रखते हुए फर्ग्यूसन पर लगातार गेंदों पर एक चौके और एक छक्का लगाया। त्रिपाठी ने फिर सैंटनर पर शार्ट फाइन लेग पर चौका और सीधे एक छक्का जड़ा। वह आक्रामक दिख रहे थे और ईश सोढ़ी पर एक्स्ट्रा कवर पर अपनी पारी का तीसरा छक्का जड़ा। पर ऐसा ही बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में डीप स्क्वायर लेग पर फर्ग्यूसन को कैच दे बैठे। गिल ने सैंटनर की गेंद पर एक रन बनाकर 35 गेंद में अपना पहला टी20 अर्धशतक जड़ा। गिल एक छोर पर डटे थे और सूर्यकुमार यादव (13 गेंद में 24 रन) उनके साथ क्रीज पर थे जिन्होंने भी तेजी से रन जोड़ने की लय बनाए रखी, पर 13वें ओवर में मिड ऑफ पर ब्रेसवेल को कैच देकर आउट हुए।

गिल ने 18वें ओवर की पहली गेंद पर फर्ग्यूसन की गेंद पर मिड ऑफ में चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने स्वच्छंदता से बल्लेबाजी करते हुए इसी गेंदबाज की अगली गेंद को गगनदाई छक्के के लिए भेज दिया। कप्तान हार्दिक पंड्या (17 गेंद में 30 रन) ने भी रन गति को कम नहीं होने दिया। लेकिन गिल ने शतक के बाद अपनी आक्रामकता तेज कर दी और न्यूजीलैंड का गेंदबाजी आक्रमण लचर दिखाई दिया।

# खेलों के लिए सरकार ने 700 करोड़ अधिक दिए

## ● केंद्रीय बजट में 3,397.32 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया

**भाषा** । नई दिल्ली



**इस** साल होने वाले एशियाई खेलों और अगले साल के लिए प्रस्तावित पेरिस ओलंपिक की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय के लिए बुधवार को पेश केन्द्रीय बजट में 3,397.32 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है जो पिछले साल के मुकाबले 723.97 करोड़ रुपए अधिक है। यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) के संशोधित बजट से अधिक है, जब मंत्रालय को 2,673.35 करोड़ रुपए मिले थे। पिछले साल हालांकि वास्तविक आवंटन 3,062.60 करोड़ रुपए था। साल 2022-23 के लिए संशोधित आवंटन में कटौती का एक मुख्य कारण चीन में प्रस्तावित एशियाई खेलों का स्थगन हो सकता है। इन खेलों का आयोजन इस साल होगा। मंत्रालय का प्रमुख कार्यक्रम, खेलो इंडिया - खेल के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता बनी हुई है, इसे पिछले वित्त वर्ष के दौरान 606 करोड़ रुपए के संशोधित आवंटन के मुकाबले 1,045 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

इसमें 439 करोड़ रुपए की वृद्धि कार्यक्रम के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस आयोजन ने पिछले कुछ वर्षों में ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे प्रमुख वैश्विक आयोजनों के लिए एथलीट तैयार करने की क्षमता दिखाई है। खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविरों के आयोजन, शिविर का बुनियादी ढांचा और उपकरण प्रदान करने, प्रशिक्षकों की नियुक्ति और खेल के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के लिए इस बजटीय आवंटन में 36.09 करोड़ रुपए की वृद्धि की गई है। पिछले वर्ष के संशोधित व्यय 749.43 करोड़ रुपए के मुकाबले साल 2023-24 के लिए उनका आवंटन 785.52 करोड़ रुपए है। राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को पिछले वर्ष के संशोधित बजट 280 करोड़ रुपए से 45 करोड़ रुपए का बढ़ा हुआ आवंटन प्राप्त हुआ है और अब उन्हें 325 करोड़ रुपए मिलेंगे।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से संबद्ध राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीएलटी) को पहले साइ के जरिए कोष मिलता था लेकिन अब ए संस्थाएं अपने रकम को सीधे प्राप्त करेंगी। इस साल के बजट में नाडा को 21.73 करोड़ रुपए की धनराशि मुहैया कराने का प्रावधान है, जबकि डोप परीक्षण कराने वाले एनडीटीएल को 19.50 करोड़ रुपए मिलेंगे।

दुनिया भर के देश खेल उत्कृष्टता के लिए प्रयास कर रहे हैं और खिलाड़ियों के खेल विज्ञान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में इस साल के बजट में राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र के लिए भी 13 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

# मध्यक्रम में अय्यर के स्थान के लिए गिल और सूर्यकुमार दावेदार

**भाषा** । नई दिल्ली

**श्रेयस** अय्यर के कमर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर होने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव पर शुभमन गिल को तरजीह देते हुए उन्हें खिलाने पर विचार कर सकता है। अय्यर कमर में जकड़न से उबरने में नाकाम रहे हैं और उनके बाहर होने से भारतीय मध्यक्रम में एक स्थान बनेगा। इस स्थान के दावेदार सूर्यकुमार और



गिल हैं। सूर्यकुमार ने अपने करियर में मध्यक्रम में ही बल्लेबाजी की है जबकि गिल ने टेस्ट क्रिकेट में अधिकतर राष्ट्रीय टीम के लिए पारी का आगाज किया है। अपने संक्षिप्त टेस्ट करियर में अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अय्यर ने पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में 2-0 की जीत के दौरान भी शानदार प्रदर्शन किया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, न्यूजीलैंड की टीम जब 2021 के अंत में भारत आई थी तो मध्यक्रम में शुभमन गिल के नाम पर विचार किया गया था क्योंकि लोकेश राहुल को मयंक अग्रवाल के साथ पारी का आगाज करना था। इसके बाद राहुल चोटिल हो गए और गिल ने पारी का आगाज किया। इसके बाद वह चोबारा चोटिल हो गया। लाल गेंद के क्रिकेट में मध्यक्रम के लिए उसके नाम पर विचार हुआ था। कप्तान रोहित शर्मा और उप कप्तान राहुल टीम में सलामी जोड़ी के रूप में पहली पसंद हैं। इनके बाद तीसरे नंबर पर चेतेश्वर पुजारा और चौथे नंबर पर विराट कोहली का खेलना तय है। पांचवां क्रम काफी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि उम्मीद की जाती है कि इस क्रम पर उतरने वाला बल्लेबाज दूसरी नई गेंद का सामना करेगा। गिल के मामले में टेस्ट क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने और लाल गेंद का करियर मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरू करने के कारण उनका पलड़ा भारी रहेगा। पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा, जब भारत ए की जिम्मेदारी राहुल द्रविड़ के हाथों में थी तो गिल वेस्टइंडीज के ए दौरे पर मध्यक्रम में खेले थे जहां उन्होंने एक दोहरा शतक भी जड़ा था। असल में शुरुआत में वह मध्यक्रम का बल्लेबाज था जिसे सलामी बल्लेबाज में बदला गया। स्पिन की अनुकूल पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ सूर्यकुमार का दबदबा महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा, अगर नाथन लियोन अपनी ऑफ स्पिन गेंदों को अधिक टर्न कराने में सफल रहते हैं तो सूर्यकुमार अपने फुटवर्क से उनकी लय बिगाड़ सकते हैं लेकिन पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के खिलाफ गिल बेहतर विकल्प हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से बाहर रहे अय्यर चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन करा रहे हैं।

### सूर्यकुमार आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

**दुबई** । भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। रांची में न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में 47 रन की पारी की बदौलत उनके 910 रेटिंग अंक हो गए थे लेकिन श्रृंखला के दूसरे मैच में नाबाद 26 रन की पारी खेलने के बावजूद उनके अंकों की संख्या 908 रह गई। सूर्यकुमार पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों में सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक के इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान के रिकॉर्ड के भी काफी करीब हैं। मलान ने 2020 में केपटाउन में 915 अंक हासिल किए थे।

सूर्यकुमार टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों में सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वालों की सर्वकालिक सूची में दूसरे स्थान पर हैं। पिछले साल टी20 विश्व कप में छह मैच में 239 रन जुटाकर सूर्यकुमार टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। इसके बाद उन्हें पिछले महीने आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर भी चुना गया। सूर्यकुमार के अलावा भारत का कोई अन्य बल्लेबाज या गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पंड्या तीसरे स्थान पर हैं। मोहम्मद सिराज एकदिवसीय गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# सचिन ने विश्वकप विजेता टीम को सम्मानित किया

**भाषा** । अहमदाबाद



**पूर्व** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने दक्षिण अफ्रीका में पहली बार आयोजित हुए अंडर-19 महिला आईसीसी टी20 विश्व कप की विजेता भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित करते कहा कि इस उपलब्धि से कई लड़कियां खेल को अपनाने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित होंगी।

तेंदुलकर ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के इतर आयोजित इस सम्मान समारोह में कहा, मैं आपको शानदार उपलब्धि पर बधाई देना चाहता हूं। पूरा देश आने वाले वर्षों में (जीत का) जश्न मनाएगा। मास्टर ब्लास्टर ने कहा, मेरे क्रिकेट सपने की शुरुआत भारतीय टीम के 1983 में विश्व कप विजेता बनने से शुरू हुई थी। आपने भी कई नए सपनों को जन्म दिया है। यह शानदार उपलब्धि है। उन्होंने कहा, इस विश्व कप को जीतकर आपने भारत की युवा लड़कियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना दिया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक जड़ने वाले इस पूर्व दिग्गज ने कहा, डब्ल्यूपीएल (महिला प्रीमियर लीग) की शुरुआत सबसे बड़ी चीज होने जा रही है। मैं पुरुषों और महिलाओं के लिए समानता में विश्वास करता हूं। खेलों में ही नहीं बल्कि हर जगह दोनों के पास समान अवसर होना चाहिए।

तेंदुलकर ने कहा कि बीसीसीआई देश में महिला क्रिकेट के विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई और उसके अधिकारियों ने महिला क्रिकेट को समृद्ध बनाने में काफी योगदान दिया है। मुझे लगता है कि यह एक संकेत है कि हम वास्तव में अच्छा करेंगे (भविष्य में)। इस संक्षिप्त सम्मान समारोह में बीसीसीआई सचिव जय शाह, अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और कोषाध्यक्ष आशीष शेलार भी शामिल थे। इस मौके पर विश्व चैम्पियन अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ रुपए का चेक सौंपा गया जिसकी घोषणा बोर्ड सचिव ने पहले की थी।

# नफरत और दुर्व्यवहार के कारण पाकिस्तान टीम को कभी कोचिंग देने के बारे में नहीं सोचा: अकरम

**भाषा** । कराची



**पाकिस्तान** के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि देश में कोच और कप्तान की आलोचना, दुर्व्यवहार और नफरत के कारण उन्होंने राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देने के बारे में कभी नहीं सोचा। अकरम ने यहां एक साक्षात्कार में कहा, अगर टीम अच्छा नहीं कर रही है तो मैं आलोचना स्वीकार कर सकता हूं। पाकिस्तान क्रिकेट में हालांकि जिस तरह से कप्तान और कोचों की न केवल आलोचना की जाती है बल्कि सभी के द्वारा गाली-गलौज भी किया जाता है, वह असहनीय है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के क्रिकेट में कप्तान और कोच को दुर्व्यवहार और कभी-कभी जिस नफरत का सामना करना पड़ता है, मुझे नहीं लगता कि मैं इसके लिए तैयार हूं। मुझमें सहनशीलता का वह स्तर नहीं है, खासकर जब सोशल मीडिया के उपयोग की बात आती है। कई ऐसे लोग है जिनका काम सिर्फ नकारात्मक टिप्पणियां करना है। उन्होंने इस मौके पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से बाबर आजम को कप्तान के पद से नहीं हटाने की मांग की इस पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक गलती होगी। क्योंकि अगर आप उन्हें किसी भी प्रारूप में कप्तान के रूप में बदलते हैं तो भी इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, इस मामले में हमारे पास विकल्प क्या हैं? अगर हम सब समर्थन करें तो यह सबसे अच्छा विकल्प होगा। वह युवा है और कप्तान के तौर पर वह और बेहतर होगा। मेरी सोच है कि कोई भी जन्मजात कप्तान और नेता नहीं होता, ये चीजें समय और अनुभव के साथ आती हैं।

# आंध्र ने बनाए 379 रन, मप्र के चार विकेट पर 144 रन

**रणजी ट्रॉफी**

**भाषा** । इंदौर

**आंध्र** के कप्तान हनुमा विहारी ने बाएं हाथ में चोट के बावजूद इसी से बल्लेबाजी करते हुए आवेश खान की तेज गेंदबाजी का डटकर सामना किया और बुधवार को यहां रणजी ट्राफी क्वार्टरफाइनल मैच के दूसरे दिन 10वें विकेट के लिए 26 रन जोड़कर मध्य प्रदेश के खिलाफ 379 रन बनाने में मदद की। आंध्र ने फिर गत चैम्पियन मध्य प्रदेश के स्टंप तक 144 रन तक चार विकेट झटककर मैच पर नियत्रंण बना लिया था। दो विकेट पर 262 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए आंध्र की टीम के लिए चीजें उसके अनुरूप नहीं रहीं और मध्य प्रदेश के गेंदबाजों ने रिकी भुई (149 रन) और करण शिंदे (110 रन) के बीच 251 रन की विशाल साझेदारी के दौरान जूझने के बाद वापसी की। शिंदे ने 254 रन गेंद में अपना शतक पूरा किया जबकि भुई ने घरेलू टीम के गेंदबाजी आक्रमण को हताश करना जारी रखा। मध्यम गति के गेंदबाज अनुभव अग्रवाल (72 रन देकर चार विकेट) ने इस भागीदारी का अंत किया। शिंदे इस गेंदबाज की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर हिमांशु मंत्री को कैच दे बैठे और इस समय टीम का स्कोर 323 रन था। पांच रन बाद भुई की मैराथन पारी अग्रवाल की गेंद पर सारांश जैन के कैच लेने से समाप्त हुई। मध्य प्रदेश के गेंदबाजों ने फिर लगातार अंतराल पर विकेट झटके और जब आंध्र का स्कोर नौ विकेट पर 353 रन था तब विहारी बल्लेबाजी के लिए उतरे। बाएं हाथ की कलाई चोटिल होने के बाद बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हुए आंध्र के कप्तान ने दो बाउंड्री लगाकर टीम को 379 रन तक पहुंचाया। उन्होंने केवल एक हाथ से बल्लेबाजी की। जैन ने उन्हें 27 रन के निजी स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वह मंगलवार को 16 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हुए थे जब आवेश खान के बाउंसर से वह चोटिल हो गए। विहारी की इस साहसिक पारी ने जनवरी 2021 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में उनकी शानदार पारी याद दिला दी जब हैमस्ट्रिंग चोट के बावजूद रविचंद्रन अश्विन के साथ उन्होंने आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का चार घंटे तक डटकर सामना किया और प्रतिद्वंद्वी टीम को जीत से वंचित कर दिया। इसके बाद मध्य प्रदेश ने सलामी बल्लेबाज मंत्री और यश दूबे के बीच पहले विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी से मजबूत शुरूआत की। केवी शशिकांत (37 रन देकर दो विकेट) ने आंध्र को पहला विकेट दूबे के रूप में दिलाया।

साथी सलामी बल्लेबाज मंत्री को पृथ्वी राज (सात रन देकर एक विकेट) ने आउट किया। शुभम शर्मा (51 रन) और फॉर्म में चल रहे रजत पाटीदार (20 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़े।

## पंजाब ने सौराष्ट्र के खिलाफ बनाई बढ़त

**भाषा** । राजकोट

**सलामी** बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और नमन धीर की शतकीय पारियों और दोनों के बीच शुरुआती विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी से पंजाब ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सौराष्ट्र के खिलाफ दूसरे दिन बुधवार को यहां स्टंप्स तक पांच विकेट पर 327 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। नमन ने 180 गेंद की पारी में नौ चौके और सात छक्के की मदद से 131 रन बनाए जबकि प्रभसिमरन ने 158 गेंद में 126 रन की पारी के दौरान 13 चौके और तीन छक्के जड़े। सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 303 रन बनाए थे जिससे पंजाब के पास अब 24 रन की बढ़त है और उसके पांच विकेट बाकी है।

दिन का खेल खत्म होते समय कप्तान मंदीप सिंह 39 और विकेटकीपर अनमोल मल्होत्रा 16 रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान तीन रन पर करने के बाद प्रभसिमरन और नमन ने पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई और लंच से पहले विरोधी टीम के गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा। लंच के बाद हालांकि गेंदबाजों ने सौराष्ट्र की वापसी कराई। सौराष्ट्र के लिए शतक लगाने वाले पार्थ भट ने प्रभसिमरन को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए पुखराज मान (एक) भी जल्दी पवेलियन लौट गए। नमन को इसके बाद कप्तान मंदीप का अच्छा साथ मिला लेकिन उनके आउट होने के बाद पंजाब ने जल्दी जल्दी अनमोलप्रीत सिंह (नौ रन) और नेहा ल वडेरा (चार रन) के विकेट गंवा दिए। सौराष्ट्र के लिए धर्मेंद्रसिंह जडेजा और युवराजसिंह डोडिया ने दो-दो विकेट लिए। पार्थ को एक सफलता मिली।

## पश्चिम बंगाल ने पहली पारी की बढ़त हासिल की

**भाषा** । कोलकाता



**कप्तान** अभिमन्यु ईश्वरन और सुदीप घरामी के अर्धशतकों से बंगाल ने बुधवार को यहां रणजी ट्राफी क्वार्टरफाइनल के दूसरे दिन झारखंड के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल कर ली।

झारखंड को 173 रन पर समेटने के बाद बंगाल ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 238 रन बनाकर पहली पारी में 65 रन की अहम बढ़त हासिल की। सलामी बल्लेबाज काजी जुनैद सैफी (01 रन) नौंवे ओवर में आशीष कुमार की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। जिसके बाद अभिमन्यु (77 रन) और घरामी (68 रन) ने बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया। अभिमन्यु और घरामी ने दूसरे विकेट के लिए 136 रन जोड़कर घरेलू टीम को पहली पारी की बढ़त हासिल करने के करीब पहुंचा दिया। लेकिन इन दोनों के लगातार आउट होने के बाद टीम ने 60 रन जोड़कर चार विकेट गंवा दिए जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 207 रन हो गया। पर फिर अभिषेक पोरेल (25 रन) और शाहबाज अहमद (17 रन) ने पारी को संभालते हुए नाबाद साझेदारी निभा ली है। झारखंड के सुप्रियो चक्रवर्ती ने दो जबकि आशीष, अनुकूल रॉय और शाहबाज नदीम ने एक एक विकेट हासिल किए।



## कर्नाटक ने उत्तराखंड पर कसा शिकंजा

**बेंगलुरु** । हरफनमौला श्रेयस गोपाल की नाबाद 103 रन की पारी के दम पर कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड के खिलाफ बुधवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 474 रन बनाकर पहली पारी में बड़ी बढ़त कायम कर ली। उत्तराखंड की पहली पारी महज 116 रन पर सिमट गई थी जिससे कर्नाटक के पास अब 358 रन की बड़ी बढ़त है और उसके पांच विकेट बचे हुए है। कर्नाटक की टीम ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 123 रन से की। कप्तान मयंक अग्रवाल (83)और रविकुमार समर्थ (82) शतक पूरा करने से चूक गए लेकिन दोनों ने पहले विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। इन दोनों के पवेलियन जाने के बाद निकिन जोस (62) और देवदत्त पडिक्कल (69) ने तीसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 300 रन तक पहुंचाया। श्रेयस गोपाल और मनीष पांडे (39) ने इसके बाद टीम के लिए पारी की तीसरी शतकीय साझेदारी की। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 108 रन जोड़े। श्रेयस गोपाल ने इस दौरान प्रथम श्रेणी क्रिकेट का पांचवां शतक जड़ा और 3000 रन के आंकड़े को पार किया।

उन्होंने 153 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया। इस दौरान मयंक मिश्रा ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए। उनके अलावा उत्तराखंड का कोई भी गेंदबाज प्रभावी नहीं दिखा। अभय नेगी ने 82 रन देकर दो विकेट चटकाए। स्टंप्स के समय श्रेयस गोपाल के साथ विकेटकीपर बी आर शरत क्रीज पर मौजूद थे। शरत 23 रन पर खेल रहे है।

दोनों ने छठे विकेट के लिए अब तक 59 रन की अटूट साझेदारी कर ली है।



# शैलेश लोढ़ा के आरोपों पर तारक मेहता के प्रोजेक्ट हेड ने तोड़ी चुप्पी, खुल गई एक्टर की पोल

टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा आए दिन किसी न किसी वजह से विवादों में घिरा रहता है। ये शो ज्यादातर इसलिए सुर्खियां बटोरता है क्योंकि इस शो जुड़े कलाकार एक-एक कर इसे अलविदा कह रहे हैं। वहीं, सालो तक इस शो में काम कर चुके ये एक्टर्स तारक मेहता के मेकर्स पर भी इलजाम लगाते नजर आते हैं। अक्सर मेकर्स और एक्टर्स के बीच चल रहे तनाव की खबरें मीडिया की सुर्खियों में छाई रहती हैं। तारक मेहता का किरदार निभा चुके एक्टर शैलेश लोढ़ा ने जब शो छोड़ने का फैसला लिया था तब से अबतक उनका और शो का नाम विवादों में घिरा हुआ है। उनकी और मेकर्स की तकरार इतनी गहरी है कि लोगों की नजरे इसी कंट्रोवर्सी पर टिकी रहती है। हाल ही में खबर आई थी कि शैलेश लोढ़ा ने शो तारक मेहता के मेकर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि शो छोड़ने के बाद भी उनकी बकाया राशि अभी तक नहीं दी गई है। आपको बता दें, शैलेश ने पिछले साल मार्च में ही शो की शूटिंग बंद कर दी थी, जिसके कुछ महीनों बाद उन्हें शो में रिप्लेस कर दिया गया। लेकिन लगभग 1 साल बाद भी वो अपने बकाया पैसों का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, इन आरोपों पर अब तारक मेहता के प्रोजेक्ट हेड श्सुहेल रमानीश ने एक स्टेटमेंट जारी किया है। अपने इस ऑफिशियल बयान में तारक मेहता के प्रोजेक्ट हेड ने कहा, श्शैलेश ने एग्जिट औपचारिकताएं पूरी नहीं की थीं, जिसके चलते उनकी बकाया फीस रोक दी गई है। उन्होंने आगे कहा, टीम ने कई बार उनसे कांटेक्ट किया और उन्हें अपनी फॉर्मेलिटी पूरा करने के लिए भी कहा, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इंकार कर दिया। जब आप किसी कंपनी या शो को छोड़ते हैं, तो हमेशा एक प्रोसीजर होता है जिसे फॉलो करना और उसे पूरा करना जरूरी होता है।

# शादी बचाने के लिए रोती- बिलखती दिखी राखी सावंत

ड्रामा क्वीन राखी सावंत की जिन्दगी में एक बार फिर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया है। एक्ट्रेस की मां को गुजरे अभी चंद दिन बीते हैं जिसके चलते राखी सावंत गहरे सदमे हैं। इसी बीच खबर आई है कि राखी सावंत पर एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां को खोने के बाद अब उनकी शादीशुदा जिन्दगी पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

दरअसल, हाल ही में राखी सावंत का एक वीडियो सामने आया है जिसमे उन्होंने अपनी इस नई परेशानी का जिक्र किया। इस वीडियो में राखी रोती-बिलखती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देखकर साफ नजर आ रहा है कि वो इस वक्त कितनी परेशान हैं और उनके दिल पर क्या बीत रही है। इस वायरल वीडियो में राखी ने चिल्लाते हुए कहा था कि उनके शादी खतरे में है। दरअसल, ये राखी की दूसरी शादी है और इस बार भी ऐसा लग रहा है कि ये रिश्ता भी लम्बा नहीं टिक पाएगा। ऐसे में राखी ने कहा, श्मेरी शादी खतरे में है। मुझे मार क्यों नहीं देता कोई। मुझे मेरी शादी बचानी है। शादी कोई मजाक नहीं है, शादी कोई जोक नहीं है। किसी को क्या मिलता है मेरी जिंदगी में आकर। किसी को क्या मिलता है मेरी शादीशुदा जिंदगी में आके? अरे जुल्म मत करो। मैं बहुत डिस्टर्ब हूं। इतना ही नहीं इस वीडियो के आखिर में एक्ट्रेस ने ये भी धमकी दी है कि अगर उनकी शादी टूटी तो वो उस शख्स को छोड़ेंगी नहीं जिसकी वजह से ये सब हो रहा है। राखी ने कहा, अगर अभी भी मेरी शादीशुदा जिंदगी खराब हुई तो जो-जो इन्वोल्वड है, मैं उन्हें नहीं छोडूंगी। मैं देश की जनता को बता दूंगी कि मेरे साथ क्या हो रहा है। हालांकि ये वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया 2 भागो में बंटा हुआ नजर आया। जहां एक तरफ लोग उनपर तरस खाते हुए उनके दुखों को समझने की कोशिश कर रहे हैं।



# कम उम्र में ही करनी पड़ गई थी शादी, 3 साल के बच्चे की माँ अपूर्वा राय बन पाएंगी मिसेस यूनिवर्स

आखिर कौन हैं अपूर्वा राय? क्या आज से पहले कभी भी आपने इस महिला का नाम सुना हैं? शायद ही आपने कभी इनका नाम कही भी सुना हो! लेकिन अब ध्यान से इनका नाम उन लीजिए और अपने जहन में बिठा लीजिए। आज हम आपको इनके बारे में साथ ही इनकी जिन्दगी से जुड़े कुछ राज बताएंगे जिन्हे जानकर आप भी शायद अपूर्वा राय को काफी अप्रिशिएट करेंगे, क्योंकि यह बहुत बड़ी जीत हासिल करने के लिए बुल्गैरिया गई हैं। आप आपके मन में एक सवाल तो जरूर ही उठ रहा होगा की आखिर इस अपूर्वा राय में ऐसा क्या खास हैं जो हम आपको इनके बारे में इतने रोचक तरीको से बता रहे हैं। तो अब आपके सभी सवालो को खतम करते हुए हम सीधा मुद्दे पर आते हैं बता दें कि अपूर्वा राय कोई और नहीं, बल्कि मिसेस साउथ पैसिफिक एशिया यूनिवर्स 2022 रह चुकी हैं. आज के समय में यह बुल्गैरिया, मिसेस यूनिवर्स 2023 में पार्टीसिपेट करने के लिए गई हैं जिसके लिए इनका नाम और पहचान आज हम आपके साथ सांझा कर रहे हैं। दो दिन पहले ही अपूर्वा को मुंबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया था। जिस दौरान अपूर्वा बताती हैं की वह बुल्गैरिया में भारत को मिसेस यूनिवर्स 2023 में रिप्रिजेंट करने जा रही हैं। और यह जल्द ही यह उनके लिए एक बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म होने वाला हैं। बता दे की अपूर्वा राय ने जब मिसेस साउथ पैसिफिक एशिया यूनिवर्स 2022 का खिताब अपने नाम किया था तब उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि काफी कम उम्र में उनकी शादी करा दी गई थी। और इतना ही नहीं बल्कि आज वह 3 साल के बच्चे की माँ भी हैं। लेकिन इन सबके बावजूद भी अपूर्वा ने कभी अपने सपनो पर रोक नहीं लगने दी वह इन सभी चीजो के साथ भी अपने सपने को भी उड़ान देने में लगी रही। बैंगलुरु की रहने वालीं अपूर्वा राय एक बिजनेसवुमन भी हैं। जिसके अंतर्गत इनका एक खुद का कॉस्मेटिक क्लिनिक भी हैं जहा सभी तरह का स्किन ट्रीटमेंट भी किया जाता हैं। बात करे इनकी लाइफ पार्टनर की तो इनके हस्बैंड का नाम पवन शेट्टी हैं।




# सिद्धार्थ मल्होत्रा की दुल्हन बनने को तैयार हैं कियारा अडवाणी, जैसलमेर में सज रहा हैं शादी का मंडप, गेस्ट लिस्ट भी तैयार




बॉलीवुड दुनिया के मोस्ट फेमस एंड आल्सो रुमर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा अडवाणी काफी लम्ब्बे समय से एक दूसरे को डेट करने को लेकर सुर्खियों में चल रहे हैं। दोनों की एक दूसरे संग की गई हाल ही में लास्ट फिल्म शेरशाह थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर भी काफी अच्छी कमाई कर दर्शको का दिल जीता था लेकिन वाही एक ओर दर्शको को फिल्म में इन दोनों की कैमेस्ट्री भी काफी पसंद आई थी। और कहा जाता हैं की दोनों का लव एंगल भी इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान क्रिएट हुआ था। अब तो खबरों ने रुख कुछ इस कदर ले लिया हैं कि बात दोनों की शादी तक आ पहुंची हैं! जी हाँ......! लगातार खबरे आ रही हैं की बॉलीवुड का ये मोस्ट पॉपुलर कपल अब जल्द ही एक दूसरे संग शादी के बंधन में बंधने वाला हैं। सिद्धार्थ-कियारा की शादी की डेट भी अब फाइनल हो चुकी है, वेन्यू और मेहमानों की लिस्ट भी लगभग तैयार हो चुकी है जिसमे बॉलीवुड की कई हस्तियां अपनी शिरकत देंगी। बात करे कपल के प्री वेडिंग फंक्शनस की तो वो सब 5 फरवरी से शुरू होंगे और 8 फरवरी तक चलेंगे जिनका इंतजार अब उनके फैंस को बेसब्री से हो रहा हैं

बॉलीवुड के इस कपल की शादी का जहाँ उनके फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं वही उनकी शादी से जुड़े वेडिंग वेन्यू साथ ही वेडिंग प्रिपरेशन की कई तस्वीरें और खबरे रिवील हो रही हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने शादी के लिए जैसलमेर के पॉपुलर पैलेस सूर्यगढ़ को चुना है जोकि अपने आप में दोनों की वेडिंग में चार-चाँद लगा देगा, खबरों की माने तो दोनों की वेडिंग बॉलीवुड की बिग फैट वेडिंग बनने को तैयार हो रही हैं। शादी का वेन्यू भी काफी रॉयल और सुन्दर बताया जा रहा हैं। वही दूसरी ओर बात करे शादी में आने वाले मेहमानो की तो शादी में लगभग 100-125 मेहमान शामिल होंगे। इस लिस्ट में कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी का नाम भी काउंट किया जा रहा हैं। इस लिस्ट में फिल्म निर्देशक करन जौहर से लेकर बॉलीवुड फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा और बिजनेस टाइकून ईशा अंबानी तक सिड-कियारा की शादी में दिखेंगे, जैसा की आप सभी जानते हैं कि ईशा अंबानी कियारा की स्कूल फ्रेंड भी रह चुँकी हैं दोनों को कई बार एक साथ कई फंक्शन्स में स्पॉट किया गया हैं। फिलहाल गेस्ट लिस्ट से इन्ही लोगो का नाम सामने आ पाया हैं। मेहमानों के ठहरने के लिए शादी में काफी कम्फर्टेबल और सुंदर इंतेजाम किया जा रहा हैं, पैलेस के लगभग 84 लग्जरी कमरों को मेहमानो के स्टे के लिए बुक किया गया है। इसके अलावा गेस्ट के लिए 70 से ज्यादा गाड़ियां भी बुक की गई हैं जो उनको पिक एंड ड्राप सर्विस देंगी, जिसमें मर्सिडीज, जगुआर से लेकर बीएमडब्ल्यू शामिल हैं।

# 2प्रेग्नेंट पत्नियों को छोड़ यूट्यूबर अरमान मालिक ने की तीसरी शादी? घर में हुआ चप्पलों से स्वागत



अरमान मालिक अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ से खूब सुर्खियों में रहते है यूट्यूब पर अरमान मालिक को खूब पसंद किया जाता है यही नहीं उनकी अगली वीडियो का उनके फैंस बेसबरी से इंतजार करते है। अब एक बार फिर अरमान मालिक खूब चचाओं में आ चुके है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमे अरमान मालिक शादी करते दिखाई दे रहे है और खूब सुर्खिया बटौर रहे है। क्या वाकई अरमान मालिक की यह तीसरी शादी है या कुछ और सोशल मीडिया पर सामने आये इस वीडियो में



देखा जा सकता है कि अरमान की दोनों पत्नियां पायल मलिक और कृतिका मलिकघर पर रहती हैं और इतने में अरमान अपनी तीसरी पत्नी को लेकर घर में आते हैं पायल अरमान की तीसरी पत्नी को देख गुस्से से आग बबूला हो जाती हैं और फिर वह कृतिका को बुलाती हैं ।तीसरी बीवी देख आगबबूला हुईं दोनों पत्नियां, जी हां तीसरी पत्नी को देख दोनों पत्नियों को काफी झटका लगता है वीडियो में पायल जूतियो से उनकी तीसरी पत्नी को मारने की बात कहती है। वही कृतिका अरमान मालिक को जलील करती नजर आती है और उनकी तीसरी पत्नी को बुरा भला कहती है और गुस्से से आग बबूला हुई पत्नी रोने लगती है वही पायल की तबीयत खराब होने लगती है। हालाकि अरमान ने तीसरी शादी नहीं की होती है वो अपनी दोनों पत्नियों के साथ मजे लेते दिखाई देते है। काफी समय तक दोनों को परेशान करने के बाद आखिर में वह उन्हें सच्चाई बता देते हैं और फिर कृतिका और पायल उन्हें गले लगा लेती हैं। जिसके बाद अरमान का प्रैंक दोनों पत्नियों के सामने आ जाता है और दोनों पत्नियों का गुस्सा शांत हो जाता है। बता दे अरमान मालिक दोनों पत्नियों के एक साथ प्रेग्नेंट होने को लेकर भी ट्रोल हुए थे।

# टाइगर श्रॉफ के सिर चढ़ा मैं खिलाड़ी का फितूर,अक्षय कुमार संग फैंस को दिया ये चैलेन्ज

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी अगली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के चलते सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में अक्षय और टाइगर पहली बार एक साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आने वाले हैं। हालांकि इस फिल्म से पहले अक्षय और टाइगर का एक वीडियो तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी स्टारर सेल्फी में 1994 में आई फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी के गाने रिक्रिएट किया गया था। मगर इस बार गाने में अक्षय के साथ सैफ अली खान की बजाय इमरान हाशमी नजर आए हैं। अक्षय और इमरान का सॉन्ग ह्यमैं खिलाड़ीह्र फैंस को काफी पंसद आ रहा है और इस वक्त ये गाना हर किसी की प्ले लिस्ट का हिस्सा बना हुआ है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें दोनों मैं खिलाड़ी के हुक स्टेप पर थिरकते हुए दिख रहे हैं। अक्षय के साथ टाइगर ने अपने डांस मूव्स ने सभी को अपना दीवाना बना दिया है और यह वीडियो इंटरनेट पर खूब तारीफ बटोर रहा है। ये बात तो सभी जानते है कि एक्टर टाइगर श्रॉफ एक बेहतरीन डांसर हैं। इस गाने में भी एक्टर ने शानदार डांस मूव्स से लोगों को अपना दीवाना बना दिया है। टाइगर संग अपने गाने पर थिरकते हुए इस वीडियो को पोस्ट करते हुए अक्षय ने कैप्शन में लिखा, तो टाइगर श्रॉफ ने मेरे साथ मैं खिलाड़ी खेला और यह हुआ! कैसा रहेगा अगर आप अपनी बेस्टी के साथ मैं खिलाड़ी पर रील बनाते हैं? मैं उसे दोबारा पोस्ट करूंगा। अक्षय और टाइगर की पोस्ट पर फैंस जमकर कॉमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने कॉमेंट कर लिखा, सर आप सच में खतरों के खिलाड़ी हो टाइगर के साथ घूम रहे हो। दूसरे ने लिखा, मेरे भगवान३। मेरा मतलब है कि टाइगर ग्रेट है लेकिन अक्षय सर... बीट सेंस। एक अन्य यूजर ने लिखा, आई लव दिस ओमजी।

# ग्वालियर मेला की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाने ज्ञापन देंगे मेला व्यापारी

**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारीगण एवं मेला व्यापारीगण ग्वालियर मेला की अवधि 28 फरवरी तक बढाए जाने एवं मेला परिसर में विगत दिवस हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित व्यापारियों को तत्काल उचित व पर्याप्त मुआवजा दिलाने के लिए रविवार 5 फरवरी को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन पत्र भेंट करेंगे। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया, सचिव महेश मुदगल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता अनिल पुनियानी एवं संयोजक उमेश उप्पल ने ग्वालियर मेला में अग्निकांड पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस अग्निकांड से प्रभावित हुए मेला व्यापारियों को तत्काल एवं पर्याप्त सहायता, संबल व संवेदना की जरूरत है और यह उन्हें केंद्रीय मंत्री सिंधिया की पहल पर प्रदेश की संवेदनशील सरकार से ही हासिल हो सकती है। मेला व्यापारियों को पूरा भरोसा है कि संकट की इस घ?ी में सिंधिया एवं प्रदेश सरकार पूरी तरह व्यापारियों के साथ खड़ी हैं और उन्हें मुआवजा दिलाने के लिए शासन प्रशासन स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। गौरतलब है कि विगत दिवस पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल की पहल पर ग्वालियर मेला प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित बृहद बैठक में मेला व्यापारियों ने अपनी व्यथा फोन पर चर्चा के माध्यम से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अवगत कराई थी। तदुपरांत सिंधिया ने प्रभावित मेला व्यापारियों को क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान को अनुशंसा की थी। मेला व्यापारी संघ इस अनुशंसा का तत्काल क्रियान्वित स्वरूप देखना चाहते हैं। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारीगण द्वारा केंद्रीय मंत्री सिंधिया व मुख्यमंत्रो शिवराज सिंह को 5 फरवरी को दिए जाने वाले ज्ञापन में ग्वालियर मेला में व्यावसायिक सेवाओं हेतु 5 करोड़ तथा अधोसंरचना हेतु 5 करोड़ के अनुदान हेतु प्रावधान वर्तमान बजट में करने के लिए भी मांग की जाएगी। ज्ञापन में ग्वालियर व्यापार मेला की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाने एवं




इस अवधि तक ऑटोमोबाइल सेक्टर में वाहनों की खरीद पर टैक्स छूट जारी रखे जाने की भी मांग की जाएगी ताकि मेला में अपनी दुकानें व शोरूम लगाने वाले किसी भी बड़े व्यवसायी व छोटे-मझोले दुकानदार को घाटे का सामना न करना पड़े। मेला व्यापारी संघ का कहना है कि पूरे जनवरी माह में पड़ी जबरदस्त सर्दी व कोहरे के कारण कोई खास कारोबार नहीं हुआ है और यदि मेला की अवधि 28 फरवरी तक नहीं बढाई गई तो मेला व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। मेला व्यापारी संघ के महेन्द्र भदकारिया अध्यक्ष, महेश मुदगल सचिव, अनिल पुनियानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता, उमेश उप्पल संयोजक, कल्ली पण्डित, सुरेश हिरयानी, अनुजसिंह, हरिकांत समाधिया, मुकेश अग्रवाल, संजय गर्ग, रामस्वरूप लल्ला शिवहरे, अरुण केन, राजेंद्र सिंह भदौरिया, सुरेंद्र जुनेजा, राजकुमार जैन, चंदन बैस, अनिल शर्मा, रमेश वर्मा, कमल सिंह, ललित अग्रवाल, संतोष उपाध्याय आदि ने सभी मेला व्यापारियों से श्रीमन्त सिंधिया, शिवराज सिंह व नरेंद्र सिंह को ज्ञापन देते समय अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## बिना गारबेज शुल्क के 6 छूट के साथ संपत्ति कर जमा करने की तिथि 20 दिवस बढाई जायेः तुलसी सिलावट

**ग्वालियर ।** गारबेज शुल्क के संबंध में शासन स्तर पर लंबित प्रस्ताव का अनुमोदन कराने एवं बिना गारबेज शुल्क के 6त्न छूट के साथ सम्पत्ति कर जमा कराने की तिथि बढाए जाने की मांग को लेकर चेम्बर का प्रतिनिधिमण्डल आज सायं 5.30 बजे जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट जी से मिला। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमंत गुप्ता, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा एक ज्ञापन भी प्रभारी मंत्री को सौंपा गया। प्रभारी मंत्री से भेंट के दौरान निगमायुक्त किशोर कान्याल, भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, सभापति नगर निगम मनोज तोमर आदि उपस्थित रहे। चेम्बर पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि ग्वालियर में जो गारबेज शुल्क करदाताओं पर आरोपित किया गया है वह भोपाल, इंदौर, जबलपुर की तुलना में किसी-किसी वर्ग पर 50 गुना से भी अधिक है। परिणामतः ग्वालियर शहर के व्यापारी-उद्योगपतियों पर भारी आर्थिक दबाव और इसे जमा करने के लिए जिम्मेदारों द्वारा लगातार दबाव बनाने के कारण वह मानसिक रूप से व्यथित हैं। लगभग 8 माह पूर्व आपके ग्वालियर प्रवास के दौरान चेम्बर के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा ज्ञापन के माध्यम से यह विषय आपके संज्ञान में लाया गया था और आपके द्वारा भी तत्काल भोपाल स्तर व स्थानीय स्तर पर अधिकारियों से बात करने के बाद यह आश्वस्त किया था कि 15 दिवस के अंदर आपकी जायज मांग को मान लिया जायेगा लेकिन अफसोस है कि आपके निर्देश के बावजूद भी इसका निराकरण आज दिनांक तक नहीं किया गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि एमपीसीसीआई व ग्वालियर के व्यापारी-उद्योगपति, अधिकारियों के इस रवैये से भारी पी?ित हैं और उनमें सरकार के प्रति नाराजगी है क्योंकि गारबेज शुल्क को संपत्ति कर से लिंक कर दिया गया है, जिसकी वजह से करदाता अपना संपत्ति कर जमा नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें 6त्न छूट का नुकसान हो रहा है। पदाधिकारियों की बात को धैर्यपूर्वक सुनने के बाद जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने निगम कमिश्नर किशोर कान्याल से कहा कि आप भोपाल आयें, मैं आपके साथ संबंधित विभाग में चलूँगा और इस मसले को जो चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने उठाया है, उस अनुसार हल कराऊंगा। वहीं ग्वालियर की जनता को कोई आर्थिक नुकसान न हो, इसके लिए 6त्न छूट के साथ संपत्ति कर, बिना गारबेज शुल्क के जमा करने की तिथि 20 दिवस बढाई जाये।



## सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 फरवरी को



**ग्वालियर ।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत 21 फरवरी को फुलैरा दोज को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कराया जा रहा है। इस सम्मेलन में शहर के नागरिक अपने बच्चों के विवाह कराने के लिए 6 फरवरी शाम 4 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं। उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव ने बताया कि शहर के नागरिक नगर निगम से संपर्क कर गरीब कन्याओं के विवाह करा सकते हैं। विवाह एवं निकाह संस्कार का पूर्ण कार्य निःशुल्क कराया जावेगा। पात्रता हेतु ल?की की उम्र 18 वर्ष व ल?के की उम्र 21 वर्ष के प्रमाण पत्र, कन्या मप्र की मूल निवासी हो। इसके साथ ही कन्या का बैंक खाता नम्बर, वर व कन्या के फोटो, आधार नम्बर, समग्र परिवार आई.डी., म.प्र. का मूल निवासी प्रमाण पत्र तथा दो-दो फोटो आवेदन पत्र में लगाना अनिवार्य है। योजना के तहत प्रत्येक जोडे को 55 हजार का लाभ जिसमें विवाह खर्चा, सामाग्री एवं नगद राशि शामिल है, का लाभ प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मप्र सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह की तिथि घोषित कर दी गई है। यह विवाह आयोजन 21 फरवरी एवं 9 मार्च को आयोजित किए जाएंगे।

## नवागत कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, विकास यात्रा की तैयारियों की ली जानकारी



**ग्वालियर ।** जिले में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की क्या स्थिति है, क्या-क्या नवाचार हो रहे हैं और राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित होने वालीं विकास यात्राओं के लिये कौन से विभाग ने क्या-क्या तैयारियाँ की हैं। यह सब जानकारी नवागत कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने शुक्रवार को जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागवार प्राप्त की। कलेक्टर सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभाग विकास यात्रा को पूरी गंभीरता से लें। विकास यात्रा केवल चर्चा व संवाद तक ही सीमित न रहे, धरातल पर भी परिणाम दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा के गाँव व वार्ड में पहुँचने के समय को ध्यान में रखकर रचनात्मक, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ, जिससे यात्रा के प्रति सकारात्मक वातावरण बने और अधिकाधिक लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। सिंह ने छात्रावासों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने, शेष राजस्व प्रकरणों का निराकरण, स्वच्छता व वृक्षारोपण जैसे रचनात्मक कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड बनाने इत्यादि काम भी विकास यात्रा के दौरान अंजाम देने को कहा। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि ग्राम सभाओं में होने वाले खसरा व बी-1 के वाचन की तर्ज पर विकास यात्रा के दौरान गाँव-गाँव में पात्रता पर्ची वाले परिवारों की सूची का वाचन भी अवश्य कराएँ। साथ ही उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाले राशन की मात्रा व किस दुकान से कौन सा परिवार जु?ा है, यह जानकारी भी दी जाए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने राजस्व अभिलेखों के शुद्धिकरण कार्य को प्रमुखता से अंजाम देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से चले आ रहे

## सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय सीनापाली में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग-**सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय सीनापाली का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अथिति माननीय डमरूधर पुजारी विधायक बिंद्रानवागढ़ गरियाबंद ने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कम शुल्क में आदर्श शिक्षा दे रहा है। यहां बच्चों को संस्कार के साथ देशप्रेम की शिक्षा दी जाती है। बच्चे भारतीय संस्कार में माता-पिता को आदर्श मानकर भारतीय परंपराओं को जान रहे हैं। इससे परिवार एवं समाज मजबूत होता है। भारतीयता की शिक्षा आज गौरव का विषय है। विश्व स्तर पर भारतीय परंपरा स्थापित हो रही है। मौके पर आनंद अग्रवाल,जगमोहन पटेल मंडल अध्यक्ष,रोहित पटेल, कौशिक नायक,लोकेश सोना, मिश्रीलाल नागेश,उपस्थिति रहे आदि थे।

**छात्र गढ़ते हैं नए कीर्तिमान-**स्कूल समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय के छात्र समाज के निचले तबके से आते हुए भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ते रहे हैं। शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों एवं संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। बच्चों ने गीत-संगीत व नृत्य के साथ। भारत की अनेकता में एकता के सूत्रका सजीव चित्रण किया। देशभक्ति गीत,छत्तीसगढ़ी गीत,उड़िया भजन,हिंदी भजन,नाटक, शिक्षा के प्रति नाटक, एवम भारत माता की आरती के साथ समापन।

## ग्राम हरदीबाय( धवलपुर) के जंगल सफारी क्रिकेट स्टेडियम टूर्नामेंट फाइनल मैच में मुड़ापारा( मैनपुर) रही विजेता





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी ग्राम पंचायत जंगल धवलपुर के आश्रित ग्राम हरदीबाय (धवलपुर) के जंगल सफारी क्रिकेट स्टेडियम मे समस्त ग्राम वासियो के सहयोग से 8 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया था जिसका आज फाईनल मैच मरदाकला और मुड़ापारा (मैनपुर) के मध्य खेला गया जिसमे मुडापारा विजेता रही पुरस्कार वितरण समारोह मे मुख्य अतिथी लोकेश्वरी नेताम जिला पंचायत सभापति विशिष्ट अतिथी चंदा बारले जनपद सदस्य युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव यशवंत कुमार यादव राजीव गांधी युवा मितान क्लब अध्यक्ष मोहदा शिवचरण दीवान उपसरपंच प्रतिनिधि जीवन नेताम युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष + पंच मोहदा नुतन मरकाम पुजारी राधेलाल नेताम आयोजक समिति अध्यक्ष जीवन लाल नेताम सचिव तुलेश्वर नेताम कोषाध्यक्ष लीला राम यादव। ग्राम प्रमुख सुन्दर सिह अघन्ता भागसिह तुलेश्वर रामदेव बरनु योगेन्द्र डोमार दयाराम बीरबल विजय सुधराम बुधराम भुवनेश्वर रामेश्वर जागेश्वर चन्द्रशेर जीवन। विशिष्ट सदस्य लोकेश ठाकुर जीवन लाल योगेन्द रैनसिह नरसिह। समिति सदस्य देवेंद्र तुलसिह कैलास कुशल रंजन गौकुमार पिलाराम पप्पु नरसिह तुलाराम ब्रिजलाल राजु देवा महेंद्र नर्भे खेम राज छोटू नेताम इस टूर्नामेंट मे क्षेत्र ब्लाक एव दुसरे जिला से 40 टीमे ने भाग लिया था जिसका आज फाईनल मैच मे बड़ी संख्या मे ग्रामवासियो क्षेत्रवासियो ने उपस्थित होकर मैच का आनंद उठाए और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को सफल बनाए

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478